

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवन्थ रेड्डी ने नई दिल्ली में मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 57 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता

मन की बात



"बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।"

-स्वामी विवेकानंद

# दागी नेताओं को ताउम्र बैन करना ठीक नहीं: सरकार

- आपराधिक मामलों में दोषी पाए गए नेताओं पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की थी

**सुनवाई**

**सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल की पाबंदी काफी; इसे तय करना भी संसद का अधिकार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आपराधिक मामलों में दोषी नेताओं पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग को गैरजरूरी करार दिया है। केंद्र सरकार का कहना है कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है और यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र ने ये दलील सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका की सुनवाई के दौरान दी। दरअसल वकील अश्विनी उपाध्याय ने देश की शीर्ष अदालत में एक याचिका दाखिल कर आपराधिक मामलों में दोषी पाए गए नेताओं पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की थी।

**अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की याचिका**

याचिका में ये भी मांग की गई थी कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल मामलों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाए। अश्विनी उपाध्याय ने ये याचिका रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट 1951 के सेक्शन 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए दाखिल की थी। केंद्र सरकार ने इस याचिका की सुनवाई के दौरान हलफनामा दाखिल करते हुए कहा कि यह सवाल कि क्या आजीवन प्रतिबंध उचित होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। केंद्र ने ये भी कहा कि अयोग्यता की अवधि संसद द्वारा आनुपातिकता और तर्कसंगतता के सिद्धांतों पर विचार करते हुए तय की जाती है।

**सेक्शन 8 और 9 में क्या लिखा है?**

रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट 1951 के सेक्शन 8(1) के अनुसार, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से छह साल या कारावास के मामले में, रिहाई की तारीख से छह साल थी।

वहीं सेक्शन 9 की धारा 9 के तहत, जिन लोक सेवकों को भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति विश्वासघात के लिए बर्खास्त किया गया है, उन्हें ऐसी बर्खास्तगी की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा। अश्विनी उपाध्याय ने इन दोनों मामलों में जीवन भर की अयोग्यता की मांग की थी। संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 का हवाला देते हुए केंद्र ने कहा था कि संविधान ने अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने के लिए संसद को अधिकार दिया है। संसद के पास अयोग्यता के आधार और अयोग्यता की अवधि दोनों निर्धारित करने की शक्ति है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर के दिल्ली आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने संगठन के कार्यों के दिनों को याद किया।

## 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली से नहीं हटेगी पंजाबी भाषा: सीबीएसई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति के संबंध में स्पष्ट किया है कि पंजाबी भाषा को इस प्रणाली से हटाया नहीं गया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि मसौदा में शामिल अन्य विषयों और भाषाओं की सूची केवल सांकेतिक है।

## यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है।

**विचार**

**इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे**

## पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है भारत: पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 19.6 फीसदी मिश्रण का लक्ष्य पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 20 फीसदी से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय पेट्रालियम मंत्री ने कहा कि हमने 2026



तक 20 फीसदी सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 फीसदी हासिल कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले महीने 20 फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण क्षमता है, जबकि पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब यूएस डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है, वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है लेकिन ऐसा अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और मांगों से निपटते हुए ही करना होगा।







# मंदिरों में उमड़ी भीड़, सुबह से लगे बाबा शिव के जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । उपमंडल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया । सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ शुरू हो गई थी और लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। राजलू गढ़ी गांव स्थित शिव मंदिर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भजन कीर्तन का आयोजन मंदिर के पुजारी महंत बाबा मोनी नाथ की देखरेख में किया गया । जिसमें आदेश यादव की टीम ने भोले शंकर के भजनों से वातावरण को भक्ति में बनाया । मंदिर के महंत बाबा मोनी नाथ ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन की गई भोले शंकर की पूजा का विशेष महत्व है । महाशिवरात्रि के दिन भक्त व्रत रखते हैं



और चार प्रहर की पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई पूजा से भगवान शिव विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी,

**जलाभिषेक**

**सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ शुरू हो गई थी और लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया**

शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि पर किए गए पूजन से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मोनी नाथ बाबा ने कहा कि भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य के सभी संकट व अनिष्ट दूर होते हैं और सुख-शांति, वैभव व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही उन्हें मानव धर्म के चार फल प्राप्?त होते हैं। यानि अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष की भी फल मिलता है। मोनी नाथ महाराज ने कहा कि भगवान शिव के लिए भी गणपति महाराज प्रथम पूज्य थे। भगवान ने स्वयं उन्हें यह वरदान दिया लेकिन वे भी एक बार इस बात की अवहेलना की और विपत्ति का शिकार हुए थे। बाद में भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध करने से पहले कैलाश पर्वत पर गणपति पूजन किया और उसके बाद विजय प्राप्त की थी। भगवान शिव ने कहा है कि जो भी कार्य करने से पहले गणपति महाराज का पूजन करते हैं उनके जीवन में यश, वैभव, कीर्ति, धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी ।

## बगैर चालक सड़क पर दौड़ी सिटी बस, मासूम समेत दो की मौत, चार लोग हुए घायल

**गाजियाबाद** : उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में नेशनल हाइवे-नौ के मसूरी अंडरपास स्थित स्टैंड पर खड़ी सिटी बस बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे अचानक सड़क पर दौड़ पड़ी। जबकि उसका चालक बस से नीचे खड़ा था। सिटी बस के सामने जो भी आया उसे कुचलती हुई गाड़ी डिवाइडर से टकराकर बंद हो गई। हादसे में मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौद हो गई और चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बस करीब 60-70 मीटर बगैर चालक के सड़क पर दौड़ी। जिसकी चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्ची चुनमुन पुत्री इकलाख निवासी भदरान डेहरा धौलाना जनपद हापुड़ और आशा कार्यकर्ता रेशमा (27) पत्नी मुस्तफा जाफर कॉलोनी मसूरी की मौके पर ही मौत हो गई।

## स्कोर्पियो सवार बदमाशों ने किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। गुमड़ से वापिस घर लौटते रहे कबड्डी खिलाड़ी व उसके साथियों पर स्कार्पियो में सवार हो कर आए बदमाशों ने लोहे की राड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में खिलाड़ी व उसके साथी घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। जानकारी अनुसार गांधी नगर का रहने वाले साहिल गुमड़ गांव के अजय के साथ कबड्डी खेलता था। 20 फरवरी को वह गुमड़ गांव के रिकी के साथ गाड़ी पर अनाज मंडी से गुमड़ गांव जा रहे थे। जब वे गुमड़ रोड पर पहुंचे तो गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर उनकी अजय और मोदी निवासी गुमड़ के साथ कहासुनी हो गई। जिसके दोनो ने उन्हें आर-पार की लड़ाई करने की धमकी दी। 23 फरवरी की शाम साहिल अपने दोस्त सागर, अरुण और आकाश के साथ बाइक पर गुमड़ से गन्नौर लौट रहा था। जब वे अजीत के खेत के पास पहुंचे तो स्कार्पियो से आए अजय, मोदी, मोहित और एक अन्य व्यक्ति ने साहिल और उसके साथियों पर हमला कर



दिया। अजय ने लोहे की राड से साहिल की टांग पर वार किया, मोदी ने डंडे से छाती पर मारा और मोहित ने थप्पड़ जड़ा। हमलावरों ने साहिल के साथियों पर भी हमला किया। मारपीट के बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में बुरी तरह से घायल हुए साहिल को गंभीर हालत में खानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने साहिल की शिकायत पर आरोपित अजय, मोदी, मोहित निवासी गुमड़ सहित एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## "आप" हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम गिरफ्तार

**सोनीपत** : मुख्यमंत्री आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम स्थल से ठीक पहले "आप" हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम को हरियाणा पुलिस द्वारा डिटेन किया गया। कल देवेन्द्र गौतम ने एक वीडियो के माध्यम से भाजपा मेयर प्रत्याशी के समर्थन में वोट अपील करने आ रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी से कुछ अहम सवाल किए थे। उन्होने कहा था की सोनीपत की जनता से वोट अपील करने से पहले सवालों के जवाब जरूर देकर जाए। सवाल पूछने जा रहे आप नेता देवेन्द्र गौतम को कार्यक्रम स्थल से ठीक 400 मीटर पहले डिटेन किया गया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा की संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सभी नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी है।

## शिव शब्द का शाब्दिक अर्थ कल्याणकारी है : बीके अर्चना दीदी

**आध्यात्मिक**

**आध्यात्मिक टीचर बीके अर्चना बहन ने महाशिव रात्रि के महत्व के बारे में जानकारी दी**



**गन्नौर** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की गन्नौर शाखा में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर राजयोगिनी एवं आध्यात्मिक टीचर बीके अर्चना बहन ने महाशिव रात्रि के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव शब्द का शाब्दिक अर्थ कल्याणकारी है, हमें सदा परमात्मा स्नेह में समाते हुए लोगों की भलाई के लिए काम करना है। हर एक के साथ मधुरता संपन्न व्यवहार करना है। सम्मानजनक बोल बोलने हैं व अपनी सूक्ष्म वृत्तियों को भी पवित्र बनाकर वायुमंडल को शक्तिशाली बनाना है। बीके बहन ने कहा कि हम पांच विकारों के प्रभाव से मुक्त रहेंगे और उनसे प्राप्त होने वाले कष्टों व भोगनाओं का बुरे कर्मों का आह्वान नहीं करेंगे।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि जो भी कदम बढ़ेगा अच्छाई की तरह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दिव्य संदेश है। हम परमात्मा शिव को प्रेम से याद करके, अपने सभी पाप से मुक्त हो सकते हैं। शिवरात्रि पर्व में सारी रात जागने का यही महत्व है कि वर्तमान में जब सारा संसार अज्ञान की घोर रात्रि में सुषुप्त है, तब हम हमारे कर्मों के प्रति पूर्णतः जागृत हो जाएं। अपने संकल्प और कर्मों को परमात्मा के निदेर्शानुसार उच्चतम स्तर पर ले जाएं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गिरजा देवी पुत्रीः** श्री बसंत यादव **पताः** डब्ल्यू/ओ निवासी प्लॉट नंबर 65 से 71 के दाएं हाथ की ओर, बीएसईएस पोल नंबर एनजेएफए 805 के पास, नंगली डेयरी, नजफगढ़, नई दिल्ली, ने **Ct Case No.307/2019 U/s 135 Indian Electricty Act थानाः नजफगढ़ दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गिरजा देवी,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गिरजा देवी,** फरार हो गई हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct Case No. 307/2019 U/s 135 Indian Electricty Act थानाः नजफगढ़ दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गिरजा देवी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीरा
एएसजे कमरा नंबर 609
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/2341/DW/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खालिद पुत्रः** मोहम्मद खलील **पताः** 1430, गली गोदने वाली कालान महल जामा मस्जिद दिल्ली, ने **FIR No. 97/2013 U/s 387/427/506/341 IPC थानाः जामा मस्जिद दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खालिद,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खालिद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 97/2013 U/s 387/427/506/341 IPC थानाः जामा मस्जिद दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खालिद,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिप्रा धनखड़
एल.डी. एमएम-01, कमरा नंबर 180
तीस हजारी कोर्ट दिल्ली

DP/2256/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राशिद, पुत्रः** हासिम, **पताः** प्रेम सिंह पहलवान का मकान गली नंबर 2 पुस्ता नंबर 2 न्यू उस्मानपुर **दिल्ली एवं** गाँव बडेंगा थाना मालगुन जिला अररिया **बिहार, FIR No. 800/2015, U/s: 379/411/34 IPC पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राशिद,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राशिद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राशिद, FIR No. 800/2015, U/s: 379/411/34 IPC पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम कमरा नं. 107. प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2241/RD/2025
(Court Matter)


## सतकुंभा उत्सवः श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का महापर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव पूरे धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अद्वितीय उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ, सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ महाकुंभ अमृत स्नान, अनंत भंडारा और पूर्ण आहुति जैसे दिव्य कार्यक्रमों ने लाखों भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर किया। सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज ने सतकुंभा धाम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थान अत्यंत पावन और ऐतिहासिक है। यहां सप्तऋषियों ने कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण इसे सत अर्थात सत्य परमात्मा का कुंभ कहा जाता है। सात दिवसीय इस महोत्सव का



मुख्य आकर्षण शिव स्तोत्र महायज्ञ रहा। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से आए विद्वान वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ इस भव्य यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने लाखों आहुतियां अर्पित कीं, जिससे न केवल वातावरण शुद्ध हुआ बल्कि विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गई। पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज, श्री लज्जाराम आश्रम ट्रस्ट की उपाध्यक्ष डॉ. कांता शर्मा, एडवोकेट शिवेंदू भारद्वाज, अंशु भारद्वाज और अनिल कुमार (चेयरमैन, ब्लॉक समिति, गन्नौर) ने महायज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। सतकुंभा उत्सव के दौरान हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के कलाकारों ने हरियाणवी लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म और अध्यात्म का संदेश दिया।
उत्सव के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज ने सभी कलाकारों और दूर-दराज से आए शिवभक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## राजीव जैन ने निगम क्षेत्र के कई वार्डों में किया भारी जनसंपर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बुधवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आयोजित सभाओं को संबोधित किया और मतदाताओं से भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की तरफ से क्रियान्वित हो रहीं जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है । उन्होंने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस बार प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। निकाय चुनाव में जनता के समर्थन व सहयोग से भाजपा सोनीपत से सबसे बड़ी जीत हासिल करेगी । उन्होंने महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और भगवान शिव के चरणों में सर्व समाज के कल्याण की प्रार्थना की । उन्होंने सलारपुर माजरा में शिव मंदिर का हवन पूजन कर उद्घाटन किया और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने सोनीपत के निवासियों व सभी शिव भक्तों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी । इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, रविंद्र कौशिक , नवीन मंगला, जिला मीडिया प्रभारी नीरज आत्रेय आदि विशेष रूप से मौजूद थे ।

## किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सनौली गांव में भारतीय किसान यूनियन संग्राम द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन संग्राम के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान राव मुशर्रफ अली ने करी । इस दौरान हरियाणा प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन किया गया । प्रदीप शर्मा को भारतीय किसान युनियन संग्राम का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया और कार्यकरणी पर चर्चा की गई । इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन संग्राम के राष्ट्रीय किसान मोर्चे के अध्यक्ष वकिल सैफी ने कहा कि हमारी यूनियन मजदूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# क्या संकट में है महिलाओं की फ्री बस सेवा?

## डीटीसी पर 60 हजार करोड़ का कर्जा बना सीएम रेखा के लिए बड़ी चुनौती

**चुनौती**

**इस संकट में भी महिलाओं की फ्री बस सेवा सरकार के लिए रहेगी अग्निपरीक्षा, घाटे वाला विभाग**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम पर 60 हजार करोड़ का कर्ज नवगठित रेखा सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन रह है। प्रतिदिन भी निगम में घाटा बढ़ रहा है।
इस आर्थिक संकट में महिलाओं की फ्री बस सेवा सरकार के लिए अग्निपरीक्षा से कम नही है।
पिछली आप सरकार निगम का यह 60 हजार करोड़ का घाटा वर्तमान रेखा सरकार को उपहार में दे गई है।
दूसरे शब्दों में कहें तो आप की सरकार अपने दोनों ही कार्यकाल में पर्याप्त बसें खरीदने में विफल रही है। 2015 से 2020 के कार्यकाल में यह सरकार एक बस भी नहीं खरीद सकी थी। कैग रिपोर्ट ने पूर्व की आप सरकार की नाकामी और लापरवाही को उजागर कर दिया है। कैग ने इस बात से पर्दा उठा दिया है कि किस तरह से सरकार की लापरवाही के चलते डीटीसी का घाटा बढ़ता जा रहा है।

**घाटा 35 हजार करोड़ से ऊपर पहुंच गया**

रिपोर्ट के अनुसार रूट निर्धारण में गड़बड़ी के कारण दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को भारी नुकसान। तीन वर्षों में दिल्ली परिवहन निगम का घाटा 35 हजार करोड़ से ऊपर पहुंच गया। वर्ष 2012 के दिल्ली सरकार के मानक के अनुसार, 5500 बसों की जरूरत थी। इसकी तुलना में लगभग चार हजार बसें चलती हैं।
2015-16 के 25,300 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में लगभग 60,750 करोड़ हो गया है।
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह घाटा इसलिए भी बढ़ गया है कि 45% बसें ओवरएज हैं और बड़े स्तर पर खराब रहती हैं। जिसके परिणाम स्वरूप बेड़े का उपयोग औसत से कम है। लेखा परीक्षक ने कई खामियों की ओर इशारा किया है, जिसमें परिवहन उपयोगिता की अपने बेड़े को बढ़ाने में असमर्थता भी शामिल है। एक रिपोर्ट डीटीसी बसों से भी जुड़ी
दिल्ली विधानसभा में कैग की 14 जो रिपोर्ट पेश की जाएंगी। इसमें एक रिपोर्ट डीटीसी बसों से भी जुड़ी है। यह रिपोर्ट भी उन रिपोर्ट में शामिल है, जिसे आप सरकार ने विधानसभा में रखने से इनकार कर दिया था। 2009 से डीटीसी बसों के किराये में कोई बदलाव नहीं हुआ है। महिलाओं को फ्री बस सेवा योजना शुरू करने से बोझ और बढ़ गया है। कैग ने बताया कि डीटीसी को घाटे से निकालने के लिए किसी ठोस योजना की जरूरत है।

**डीटीसी के पास होना चाहिए 11 हजार बसों का बेड़ा**

2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि डीटीसी के पास 11 हजार बसों का बेड़ा होना चाहिए। पांच साल बाद दिल्ली कैबिनेट ने तय किया कि दिल्ली में 5500 बसें होंगी।
कैग रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 के अंत में डीटीसी के पास 3937 बसों का बेड़ा था। जिसमें से 1770 यानी करीब 45 प्रतिशत बसें कबाड़ हो चुकी हैं। जबकि लो फ्लोर बसें 10 साल से अधिक पुरानी थीं, उन्हें अगले महीने के लास्ट तक हटाया जाना था। आप सरकार ने 2022 में 300 नई बसों की खरीद की, लेकिन इसके बावजूद 1740 बसों की कमी थी।

### सरकार बनते ही सामने आई अस्पतालों की बदहाली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) सरकार भले ही राजधानी में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने का दावा कर रही हो, लेकिन उअक्की रिपोर्ट सामने आने के बाद चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। कैग रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं।

**स्टाफ की कमी से जूझ रहा अस्पताल**

दिल्ली सरकार के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि दिल्ली सरकार के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज शैक्षणिक संवर्ग के 30 फीसदी डॉक्टर, 21 फीसदी नर्स और 38 फीसदी पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं।

# मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण में खर्च कर दिए 33.66 करोड़

**शीशमहल**

**पीडब्ल्यूडी ने किस आधार पर इस काम के लिए तीन कंसल्टेंसी एजेंसियों का चयन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए विधानसभा में आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की कैग रिपोर्ट पेश करनी शुरू कर दी है। आबकारी नीति से जुड़ी रिपोर्ट पेश की गई। आने वाले दिनों में विधानसभा में पेश की जाने वाली 13 अन्य रिपोर्टों में से एक 6-फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार से भी जुड़ी है। भाजपा ने इस आवास का नाम शीश महल रखा है। मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल इसी सरकारी आवास में रहा करते थे।

**करोड़ों रुपये खर्च कर आवास का जीर्णोद्धार**

कोरोना महामारी के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर इस आवास का जीर्णोद्धार किया गया। भाजपा इसमें भ्रष्टाचार का आरोप लगाती रही है। विधानसभा चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बना था। सतर्कता आयोग के निर्देश पर सीपीडब्ल्यूडी इस मामले की जांच कर रहा है। मुख्यमंत्री आवास के जीर्णोद्धार की योजना, टेंडर और क्रियान्वयन में अनियमितता के आरोप हैं। मिली जानकारी के अनुसार कैग की रिपोर्ट में भी नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराए जाने की बात कही गई है।

**33.66 करोड़ रुपये खर्च**

पीडब्ल्यूडी विभाग ने वर्ष 2020 में 7.91 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन इस कार्य को इससे 13.21 फीसदी अधिक यानी 8.62 करोड़ में आवंटित किया गया। बाद में इस कार्य को इससे 342.31 फीसदी अधिक यानी 33.66 करोड़ रुपये खर्च कर पूरा किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ऑडिटर को यह नहीं बताया गया कि पीडब्ल्यूडी ने किस आधार पर इस काम के लिए तीन कंसल्टेंसी एजेंसियों का चयन किया। कंसल्टेंसी एजेंसी को अधिक पैसे भी दिए गए। ठेकेदारों को काम आवंटित करते समय उनकी वित्तीय स्थिति, संसाधन और अनुभव को ध्यान में नहीं रखा गया।

**साज-सज्जा पर 18.88 करोड़ रुपये खर्च**

ठेकेदार का चयन मनमाने तरीके से किया गया। निर्मित क्षेत्रफल 1397 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 1905 वर्ग मीटर कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास की साज-सज्जा पर 18.88 करोड़ रुपये खर्च किए गए। पीडब्ल्यूडी ने इसे अन्य मदों में खर्च बताया है। मुख्यमंत्री आवास में कैंप कार्यालय और स्टाफ क्वार्टर बनाने के लिए आवंटित 19.87 करोड़ रुपये का इस्तेमाल दूसरे कामों में किया गया।

# केजरीवाल के राज्यसभा में जाने की अटकलें



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के सियासी सफर पर अटकलें तेज हो गयी हैं। आआपा विधायक गुरप्रीत गोगी के निधन से खाली हुई पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर पार्टी ने राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर अरोड़ा का कार्यकाल अभी तीन साल बाकी है। आआपा के इस कदम से केजरीवाल के राज्यसभा में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि पार्टी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने इन अटकलों को निराधार बताया है।
केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बुधवार को एक्स पोस्ट के जरिए सवाल उठाया कि सांसद संजीव अरोड़ा अचानक लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट से उपचुनाव क्यों लड़ रहे हैं? क्या केजरीवाल इस सीट से राज्यसभा जाना चाहते हैं? क्या वह दिल्ली में सरकारी बंगले के लिए बेताब हैं? लालच की कोई सीमा नहीं है। वहीं, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि आआपा ने अपने सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। क्या यह केजरीवाल के लिए रास्ता साफ करने के लिए किया जा रहा है, जो हाल ही में नई दिल्ली में अपनी सीट हारने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा के लिए नामांकित होने जा रहे हैं? क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल की जगह पंजाब से ही कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे?

**आप का खंडन**

**सांसद संजीव अरोड़ा अचानक लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट से उपचुनाव क्यों लड़ रहे**

# दिल्ली एयरपोर्ट का टर्मिनल-2 अप्रैल से अस्थायी रूप से रहेगा बंद




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-2 आगामी अप्रैल से 4-5 महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि टर्मिनल 2 (टी2) अप्रैल से चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन के लिए एक रनवे भी बंद रहेगा। इस हवाई अड्डे में तीन टर्मिनल टी1, टी2 और टी3 हैं। डायल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि टी-2 को अप्रैल में चार से पांच महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टर्मिनल-1 (टी-1) का काम 15 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है, इसे अपेक्षित मंजूरी मिलने के बाद उड़ानों के लिए खोल दिया जाएगा। टी-2 के करीब 1.5 करोड़ यात्रियों को टी-1 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण हवाई अड्डा संचालक टी-3 के उस हिस्से को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए खोला जाएगा, जहां से वर्तमान में घरेलू उड़ानों का परिचालन होता है। हवाई अड्डे पर सालाना करीब 10.9 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होती है। फिलहाल टी-1 पर सालाना करीब चार करोड़ और टी-2 पर 1.5 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होती है, जबकि अन्य यात्री टी-3 से आते-जाते हैं।

**बढ़ेगी परेशानी**

**फिलहाल टी-1 पर सालाना करीब चार करोड़ और टी-2 पर 1.5 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होती है**



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 27 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### शादी में हर्ष फायर कर फोटोग्राफर को घायल करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने हवाई फायर कर घायल करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी भदाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव मच्छरौला निवासी गौरव ने 23 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह फोटोग्राफर का काम करता है। गत 22 फरवरी को वह जमनेंद्र निवासी मुरथल के लड़के की शादी में फोटोग्राफी का कार्य कर रहा था। उसके साथ दीपक निवासी कुराड भी आया हुआ था। दोनों फोटो व वीडियो बना रहे थे। उसी दौरान एक लड़का जिसे शादी समारोह में सचिन दहिया के नाम से पुकार रहे थे उसने हाथ में डोगा बंदूक थी। उसने शादी में हवाई फायर कर दिया। उसके हाथ में गोली के छर्रे लग गए। जिसके कारण हाथ से खून बहने लगा। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। उसके बाद उसे बहालगढ़ रोड पर स्थित अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसने उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां घायल के बयान दर्ज कर आरोपित युवक को नामजद किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राजपाल की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटर के घर में घुसे हमलावर, छत से कूदकर बचाई जान

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर के हिस्ट्रीशीटर ने कई युवकों पर उनके घर में घुसकर हमला करने की कोशिश का आरोप का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हमलावर दरवाजा तोड़कर घर में घुसे थे। हिस्ट्रीशीटर का आरोप है कि उन्होंने छत से कूदकर जान बचाई। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेहंदीपुर निवासी नीरज ने बताया कि उनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ मुरथल थाने में सात-आठ मुकदमे दर्ज है। सोमवार सुबह करीब तीन बजे वह बाथरूम में गया हुआ था। उसकी पत्नी कमरे में उनकी बेटी के साथ सो रही थी। तभी उनके घर में दरवाजा जोड़कर कई युवक घुस आए। उन्होंने बाथरूम से आकर देखा तो चार युवक अंदर घुस आए थे। उनके लंबे बालों वाले लड़के के हाथ में पिस्तौल था। उसके बाद चार युवक छत ही तरफ भागे। जिस पर उन्होंने जान बचाने को छत से छलांग लगा दी। उसके बाद वह भाग गया। नीरज ने सोनू मेहंदीपुर, मोनू, सुखबीर, मोहित मच्छौला पर हमला की कोशिश का आरोप लगाया है। उसकी इनसे रंजिश है। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कारागार के अंदर की फोटो सोशल अकाउंट पर डाली, गुप्तचर विभाग की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के गोहाना रोड स्थित कारागार के अंदर की फोटो सोशल अकाउंट पर अपलोड करने का मामला सामने आया है। गुप्तचर विभाग की तरफ से पुलिस आयुक्त को शिकायत दी गई। जिसके बाद शहर थाना सोनीपत पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त कार्यालय को सूचना मिली थी कि इंटरनेट पर जेल के अंदर की फोटो डाली गई है।

# डाइट पलवल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### यह प्रश्नोत्तरी जिले के सभी पाँच खंडों में ब्लॉक स्तर पर 21 से 24 फरवरी के बीच आयोजित की गई थी

**चुनी गई**

▶▶ प्रत्येक ब्लॉक से प्रत्येक श्रेणी की शीर्ष दो टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुनी गईं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** संस्थान ने जिला स्तर की गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 25 फरवरी 2025 किया। यह प्रश्नोत्तरी जिले के सभी पाँच खंडों में ब्लॉक स्तर पर 21 से 24 फरवरी के बीच आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता चार विभिन्न श्रेणियों के लिए आयोजित की गई: कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 10, और कक्षा 11 से 12। प्रत्येक ब्लॉक से प्रत्येक श्रेणी की शीर्ष दो टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुनी गईं, जिला स्तर की गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कुल 19 टीमों ने भाग लिया। कक्षा 11-12 श्रेणी में अक्षय और झेनशी (पीएम श्री मंगोली जट्टान) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9-10 श्रेणी में दक्ष गर्ग (जीएमएसएसएस बाबैन) विजेता बने। कक्षा 6-8 श्रेणी में पलक और अमनदीप कौर (पीएम श्री धूलगढ़ गुलदेहरा) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 3-5 श्रेणी में ऋषभ और याशिका (जीपीएस जलाउद्दीन माजरा) विजेता बने। प्रधानाचार्य रोहतास वर्मा ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें इस तरह की बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम श्रीमती अपर्णा, श्री जसविंदर सिंह (वरिष्ठ प्रवक्ता) और श्री विजय कौशिक (डीएमएस कुरुक्षेत्र) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। डॉ. सुषमा सैनी, जिन्होंने प्रश्नोत्तरी की पूरी जिम्मेदारी संभाली, ने इसे कुशलतापूर्वक संचालित किया। डॉ. रघुबीर तनेजा, श्रीमती अनु (पीजीटी-सीएस, जीएसएसएस कनिपला) और इंजी. विक्रम (जिला शिक्षा कार्यालय, कुरुक्षेत्र) ने तकनीकी और शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया। निर्णायक मंडल में श्री महेश कुमार, श्रीमती रजनी शर्मा, श्री योगेश कुमार, श्री अनिल कुमार, श्री रमेश कुमार, श्री अनिल अत्री, श्रीमती निशाम और श्रीमती पूनम शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। बीआरसी थानेसर की टीम ने आयोजन के सफल समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए गए, साथ ही उन्हें स्वल्पाहार और दोपहर का भोजन भी उपलब्ध कराया गया। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए उपस्थित फैकल्टी सदस्यों मे श्री विद्याधन (वरिष्ठ प्रवक्ता), श्री जय देव, डॉ. विनय गोयल, श्रीमती कविता और श्रीमती अनुराधा भी शामिल रहे।

# दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**सजा सुनाई**

▶▶ फास्ट कोर्ट की अदालत ने दोनों दोषियों को अलग-अलग धाराओं में सजाएं सुनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित व वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोनों दोषियों को अलग-अलग धाराओं में सजाएं सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने विकास निवासी खरखौदा व सोनू निवासी थाना खुर्द को सजा सुनाई है। एक महिला ने 9 अक्टूबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी हाथ व पैर से दिव्यांग है। वह घर से स्कूल गई थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। महिला ने अज्ञात पर बेटी का अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लड़की को रोहतक से बरामद किया था। उसका मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई हरिप्रकाश की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोषी विकास को 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना, आईपीसी की धारा-323 में एक साल कैद व पांच सौ रुपये जुर्माना, धारा-365 में पांच साल कैद की सजा व तीन हजार रुपये जुर्माना, 84 ऑफ जेजे एक्ट में पांच साल कैद व तीन हजार रुपये जुमने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को 23 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं मामले में दूसरे दोषी सोनू को आईपीसी की धारा-365 में पांच साल कैद की सजा व तीन हजार रुपये जुर्माना, 84 ऑफ जेजे एक्ट में पांच साल कैद की सजा व तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर चार माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# ट्रक व पचास हजार रुपये की राशि लेकर फरार हुआ क्लीनर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर कंपनी का क्लीनर ट्रक और पचास हजार रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। ट्रक मालिक ने संपर्क किया तो आरोपित क्लीनर और उसके साथियों ने ट्रक छोड़ने की एवज में 70 हजार रुपये की मांग की है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। वहीं आरोपित ने ट्रक की जीपीएस सिस्टम भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पलड़ा हाल में पाना पपोसिया नरेला निवासी विष्णु ने बताया कि उसका एसके रेड लाइट लॉजिस्टिक का कार्यालय सबौली गांव में खोल रखा है। उसके पास गाड़ी है। गाड़ी पर कुणाल निवासी उत्तर प्रदेश हेल्पर का काम करता है। गत 22 फरवरी को वह करीब साढ़े तीन बजे कार्यालय से पचास हजार रुपये की राशि निकालकर कुनाल चोरी की नीयत से रवि निवासी पलड़ा व अपने दोस्त रुस्तम व अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलीभगत करके उत्तर प्रदेश ले गया।

# नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 21.18 ग्राम स्मैक बरामद

**काबू**

▶▶ नवनीत व तरुण शर्मा वासीयान कुबेर कालोनी कुरुक्षेत्र स्मैक/हैरोइन बेचने का काम करते हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में नवनीत व तरुण शर्मा वासीयान छोटा बाजार थानेसर हाल वासी कुबेर कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 21.18 ग्राम स्मैक/हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 दिसम्बर 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 कुरुक्षेत्र के सहायक उप निरीक्षक गिरवर शर्मा, मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार, अनिरुद्ध व एसपीओ गुरदेव सिंह की टीम अपराध की तलाश मे जिंदल चौक कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नवनीत व तरुण शर्मा वासीयान कुबेर कालोनी कुरुक्षेत्र स्मैक/हैरोइन बेचने का काम करते हैं। जो आज भी वह दोनों मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-07एक्स-9300 पर देवीलाल पार्क के पास स्मैक/हैरोइन बेचने के लिए घूम रहे हैं। अगर देवी लाल पार्क के पास निगरानी की जाये तो उनके पास से काफी मात्रा में स्मैक/हैरोइन बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देवीलाल पार्क के पास निगरानी रखनी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मिली सूचना अनुसार मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-07-एक्स-9300 पर दो युवक आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल को रोककर उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम नवनीत व तरुण शर्मा वासीयान छोटा बाजार थानेसर हाल वासी कुबेर कालोनी कुरुक्षेत्र बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी सत्यदेव सिंह एईटीओ कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 21.18 ग्राम स्मैक/हैरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाईकिल को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

# महिलाओं ने संभाली ओंकारनाथ मिश्रा के प्रचार की कमान

**प्रचार**

▶▶ कैंट के वार्ड 19 में आजाद प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक रहे ओंकारनाथ मिश्रा ने प्रचार तेज कर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** कैंट के वार्ड 19 में आजाद प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक रहे समाजसेवी ओंकारनाथ मिश्रा ने प्रचार तेज कर दिया है। मंगलवार को उनके प्रचार की कमान महिलाओं ने अपने हाथों में ली। महिलाओं ने वार्ड में घूमकर लोगों को ओंकारनाथ मिश्रा के ऐजेंडे को साझा किया। उन्होंने बताया कि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों में भटकना पड़ता है। अगर एक डिजिटल माध्यम ऐसा मिल जाए जिस पर लोग अपनी समस्याएं बता सकें तो काफी अच्छा होगा। ऐसा ही समाधान ओंकारनाथ मिश्रा की टीम ने तैयार किया है। इस दौरान ओंकारनाथ मिश्रा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ लेकर चलने की संकल्प वह ले चुके हैं। आने वाले समय में लोगों को कार्य होते हुए भी दिखाई देंगे। महिलाएं किसी भी परिवार में अहम रोल निभाती हैं ऐसे में चुनाव प्रचार की कमान महिलाओं को भी दी गई थी। लोगों को यही विश्वास दिलाया जा रहा है कि पढ़े लिखे व्यक्ति को आगे लाएं और वार्ड की तरक्की के लिए कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश, हरि नारायण, दुखहरण यादव, धीरज कुमार, नूतन मिश्रा, पंकज कुमार, विनोद कुमार, साधना मिश्रा, वाणी देवी, कनिका अग्रवाल, सचिन, संदीप, रामकरण, अर्जुन यादव, अरविंद व अन्य मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त गाड़ी के आगे घायल अवस्था में मिला चालक, उपचार के दौरान मौत

**दुर्घटना**

▶▶ मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भिजवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा के पास क्षतिग्रस्त गाड़ी के सामने घायल अवस्था में चालक के मिलने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भिजवाया। जहां से हालत गंभीर होने के चलते नागरिक अस्पताल में रैफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बसौद बागपत निवासी महबूब अली ने बताया कि उसकी बुआ का लड़का हामिद (37) गाड़ी चलाता है। उसके पास टाटा की एल्ट्रा गाड़ी है। वह अपनी गाड़ी को सोमवार हांसी के लिए सामान लोड करके निकला था। उसके बाद वापस आ रहा था। वह खेवड़ा के पास धमाका ढाबे के सामने सड़क हादसे में घायल हो गया। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां क्षतिग्रस्त गाड़ी के सामने चालक घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला। उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने हालत गंभीर होने के चलते नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**राई** थाना सोनीपत पुलिस ने दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि उर्फ सुनारा निवासी कबीरपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बढ़ा मलिक विजय कॉलोनी निवासी नरेंद्र ने गत 6 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपनी दुकान पर ताला लगाकर खाना-खाने के लिए अपने घर चला गया। उसके बाद वापस आया तो दुकान का दरवाजा खुला हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो दुकान का का सामान बिखरा हुआ पाया गया।

# हाथी खाना मंदिर में शिवदर्शन कराने वाली प्रदर्शनी आयोजित

**चरमसीमा**

▶▶ आध्यात्मिक अर्थ में रात्रि आत्माओं के अज्ञान अंधकार विकारों अर्थ व आसुरी की चरमसीमा की घोतक है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा 36-37 दयालबाग, अंबाला छावनी, द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर हाथी खाना मंदिर में शिवदर्शन कराने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां पर हजारों भक्तों ने प्रदर्शनी का लाभ उठाया प्रदर्शनी सुबह 5:30 से शाम तक चली। शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शिव के साथ सच्ची शिवरात्रि मनाने का भक्तों ने लाभ उठाया। वरिष्ठ शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने शिवरात्रि का रहस्य बताते हुए कहा की आध्यात्मिक अर्थ में रात्रि आत्माओं के अज्ञान अंधकार विकारों अर्थ व आसुरी लक्षणों की चरमसीमा की घोतक है। अब वही समय चल रहा है। अभी हमें आत्मा का जागरण और उपवास (उप-निकट, वास - रहना अर्थात परमात्मा शिव की स्मृति में रहना) करना चाहिए, ब्रह्मचर्य का व्रत का लेना चाहिए, विकारों रूपी कड़वे 'अक' शिव पर चढ़ा देना चाहिए और शिव के प्रति ज्ञान का बिंदु-बिंदु निरंतर प्रवाहित करते रहना चाहिए। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा इस शिवरात्रि शिव पिता से इसी जन्म में मुक्ति और जीवनमुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान ले लेना चाहिए। परमपिता परमात्मा शिव आपको बहुत ही स्नेह से निमंत्रण दे रहे हैं कि उससे यह ईश्वरीय जन्मसिद्ध अधिकार ले लें। इस प्रदर्शनी में शहर के गणमान्य व्यक्तियों सहित मंदिर में आने वाले सभी भक्तों सहित लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी समझी वा प्रतिज्ञा करी हम परमात्मा के गुणों को स्वयं में धारण करेंगे।

# खेल प्रतिस्पर्धा नहीं सौहार्द और आत्मिक उत्थान का माध्यम

**प्रतियोगिता**

▶▶ क्रिकेट टूर्नामेंट (रजत जयंती) का भव्य शुभारम्भ आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

आध्यात्मिक शांति और खेल भावना के दिव्य संगम को साकार करते हुए 25 वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजत जयंती) का भव्य शुभारम्भ आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हुआ। इस शुभ अवसर पर परम वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी ने समारोह का विधिवत उद्घाटन कर इस आयोजन को और अधिक प्रेरणास्पद बना दिया। 26 फरवरी से 12 मार्च, तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित और रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुई जिनमें पंजाब,जम्मू,हिमाचल प्रदेश, हरियाणा,दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात इत्यादि राज्य प्रमुख है। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों का अद्वितीय समर्पण, अथक परिश्रम और अटूट उत्साह देखने योग्य है जो श्रद्धालुओं को रोमांच से भर देगा। सतगुरु माता जी के निर्देशानुसार इस भव्य आयोजन का संचालन जोगिंदर सुखीजा सचिव, संत निरंकारी मंडल के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि टूर्नामेंट के प्रति युवाओं में गहरी उत्सुकता देखी जा रही है और बड़ी संख्या में पंजीकरण भी हुए है। निसंदेह इस आयोजन के माध्यम से न केवल खेल कौशल को बढ़ावा मिल रहा है अपितु एकता, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का भी दिव्य संदेश प्रदर्शित हो रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की स्थापना बाबा हरदेव सिंह जी ने बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में की। बाबा गुरबचन सिंह ने सदैव युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित किया, ताकि उनकी ऊर्जा को सार्थक दिशा देकर समाज एवं राष्ट्र के उत्कर्ष में एक सकारात्मक योगदान दिया जा सके। सतगुरु माता जी ने खेलों के प्रति खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने आशीष वचनों में कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सौहार्द, सम्मान और टीम वर्क का दिव्य संदेश देता है। इस वर्ष 24 टीमों की भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि आपसी तालमेल और अपनत्व की भावना कैसे सभी को एकजुट कर सकती है। प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला कि खिलाड़ी जीत-हार से परे, भाईचारे और समर्पण की भावना से खेल का आनंद ले रहे है। हर टीम ने खेल भावना का सम्मान करते हुए एक-दूसरे को नमन कर मुकाबले की शुरुआत की और मर्यादा के भीतर रहकर खेल को खेला। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि जब संतभाव, खेल और मर्यादा का समन्वय होता है।

# घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी, महिला ने चोर का पहचाना

**फर्जीवाड़ा**

▶▶ मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव पिनाना स्थित मकान से जेवरात व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मकान के अंदर आवाज सुनी, उसने चोरी कर रहे युवक को पहचान लिया। आरोप है कि चोर धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना निवासी ममता ने बताया कि वह रात को वह अपने बच्चों के साथ घर के पिछले कमरे में सो रही थी। रात को करीब तीन बजे उसको बगल के कमरे से आवाज सुनाई दी। इस पर उनकी नींद खुल गई। कमरे की लाइट जलाते ही उन्होंने देखा कि गांव पिनाना का ही रहने वाला अमित उर्फ मीता था। वह उसके घर में चोरी करने घुसा था। वह अलमारी से 50 हजार रुपये नकद, दो तोला सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी ले गया। उसने किसी को बचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। मोहाना थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनम कुमार ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मुख्यमंत्री सैनी के विजय संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किया अभूतपूर्व स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के समर्थन में निकाली गई विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री के इस रोड शो में भारी जनसमूह उमड़ा। हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर यह दर्शा दिया कि सोनीपत नगर निगम मेयर उप चुनाव में भाजपा की रिकार्डतोड़ व ऐतिहासिक जीत होगी। जगह-जगह पर मुख्यमंत्री पर फूलों की वर्षा कर स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने भी विजय संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, डा. ओमप्रकाश आत्रेय, ललित



बत्रा, योगेशपाल अरोड़ा, नीरज आत्रेय, तरुण देवीदास सहित कई बड़े नेता भी विजय संकल्प यात्रा का हिस्सा बने । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोनीपत की जनता पर मुझे पूरा भरोसा है। विजय संकल्प यात्रा में उमड़े जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री ने कहा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन इस बार जीत के सारे रिकार्ड तोड़ेंगे और सोनीपत में एक बार फिर से कमल खिलेगा । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में काम कर रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति से काम करेगी। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता राजीव जैन को चुनाव में भारी जीत दिलाकर मेयर बनाये, बाकि यहां के विकास की जिम्मेदारी मुझपर छोड़ दें। सोनीपत में किसी तरह की कमी नहीं रहने दूंगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को



भांपते हुए कांग्रेस को हार का रास्ता दिखा दिया था, जिससे प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने की बात कही तो कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग चले गए और भर्ती रूकवा दी, लेकिन मैंने वादा किया था कि शपथ लेने से पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने वादा निभाया और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के नौकरी दी। भाजपा की विजय संकल्प यात्रा बुधवार दोपहर में शहर के अग्रसेन चौक से शुरू हुई । यह यात्रा मुरथल अड्डा, बस अड्डा, गीता भवन चौक, फ्लाईओवर, मिशन चौक से होते हुए कई घंटों बाद खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। ढोल नगाड़ों के साथ जैसे ही रोड शो शुरू हुआ स्थानीय दुकानदारों ने भी फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर विजय संकल्प यात्रा में शामिल नेताओं का स्वागत किया। भारी संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार भाजपा कार्यकताओं ने विजय संकल्प

**भव्य स्वागत**

**विजय संकल्प यात्रा दौरान विपक्षी दलों के कई नेताओं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष भाजपा का दामन थामा**

यात्रा की शोभा में चार चांद लगा दिए । इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि वे पिछले 38 सालों से लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहे हैं । राजीव जैन ने इस दौरान लोगों से वोट की अपील की और कहा कि उनके मेयर बनते ही सोनीपत का विकास जनता के सहयोग से और जन आकांक्षाओं के अनुरूप किया जाएगा । वह दिन दूर नहीं होगा जब स्वच्छता और सुंदरता के मामले हमारा सोनीपत सबसे आगे होगा । उन्होंने विजय संकल्प यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने पर शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

**मुख्यमंत्री के समक्ष इन नेताओं ने भाजपा का दामन थामा:** विजय संकल्प यात्रा दौरान विपक्षी दलों के कई नेताओं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष भाजपा का दामन थामा और कहा कि वे मेयर उपचुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलवाने के लिए जी-जान लगा देंगे । कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीला आंतिल ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आस्था व्यक्त की। इसके अलावा कांग्रेस महिला मोर्चा की उपाध्यक्षा मंजू मलिक, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नकिन मेहरा, वरिष्ठ आप नेता सतीश राज देशवाल, नगर परिषद सोनीपत के पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेश तुषीर, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र जोगी, जिला बार एसोसिएशन व कोआपरेटिव बैंक के डायरेक्टर रहे वीरेंद्र दुहन, शहरी इनेलो युवा अध्यक्ष सूरज जैन एडवोकेट, कांग्रेसी कार्यकर्ता सागर वालिया व पुष्पा मलिक ने भी भाजपा ज्वाइन कर भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को भारी मतों से जीत दिलाने के लिए आम लोगों से अपील की।

# सीएम सैनी के बयान पर बुद्धिराजा का पलटवार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा बुद्धिराजा के भाजपा में आने के ब्यान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि शायद बुद्धिराजा मुख्यमंत्री के सपनों में आते हैं, इसलिए वह इस तरह की बातें कर रहे है। भाजपा वालों को मुख्यमंत्री का किसी अच्छे दिमागी डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुद्धिराजा कांग्रेस का सच्चा सिपाही है। मरने के बाद उनका कफन भी कांग्रेस पार्टी का होगा। वह उन नेताओं जैसे नहीं जो पार्टी को छोडकर भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि सत्ता में आकर भाजपा अहंकार में है। सत्ता का अहंकार मुख्यमंत्री के

**साधा निशाना**

**शायद बुद्धिराजा मुख्यमंत्री के सपनों में आते हैं, इसलिए वह इस तरह की बातें कर रहे है : दिव्यांशु**

सिर चढकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि अनिल विज सही कहते हैं कि मुख्यमंत्री छह महीने से उडन खटोले पर हैं। वह धरातल की सच्चाई से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा में बोखलाहट है। वह कांग्रेस के नेताओं व प्रत्याशियों पर दबाव बनाकर चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है।

# नीलोखेड़ी में निर्दलीय को मिला निर्मला रानी का साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के हलका नीलोखेड़ी वार्ड नंबर 4 में चुनावी मुकाबला अब और दिलचस्प हो गया है। पार्षद पद की उम्मीदवार निर्मला रानी ने अपना नामांकन वापस लेकर निर्दलीय उम्मीदवार धर्मेंद्र खुराना उर्फ बिट्टू को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। चेयरमैन पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे मुंजाल ने भाजपा उम्मीदवार से 16 करोड़ रुपए के खर्च का हिसाब मांगा है। वहीं भाजपा नेताओं पर व्यापारियों को धमकाने का भी आरोप लगा है। खुद प्रेम मुंजाल ने इस समर्थन का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब



मिलकर यह चुनाव जीतेंगे और नीलोखेड़ी में नई शुरूआत करेंगे। चुनावी माहौल में प्रेम मुंजाल ने भाजपा प्रत्याशी पर एक बड़ा आरोप लगाया गया है। निर्दलीय

**समर्थन**

**जिले के हलका नीलोखेड़ी वार्ड नंबर 4 में चुनावी मुकाबला अब और दिलचस्प हो गया है।**

प्रत्याशी प्रेम मुंजाल ने चुनाव प्रचार के दौरान यह सवाल उठाया कि पिछले कार्यकाल में खर्च किए गए 16 करोड़ रुपए का हिसाब जनता के सामने क्यों नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि यह जनता का धन है और उसके खर्च का सही-सही ब्यौरा सामने आना चाहिए। उन्होंने भाजपा नेताओं पर व्यापारियों को धमकाने के आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनको लगातार लोगों का समर्थन मिलने पर भाजपा खेमे में हलचल मची हुई है।
इसी कारण व्यापारियों को फोन कॉल के जरिए डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि भाजपा की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अब तक सामने नहीं आई है।
निर्मला रानी के समर्थन और भाजपा पर लगे आरोपों के बाद नीलोखेड़ी का चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। हर दल अपनी जीत के लिए जोर-शोर से प्रचार में जुटा हुआ है। जनता की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि आखिरकार यह चुनावी जंग किसके पक्ष में जाएगी।

# ब्रह्माकुमारी ने धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सदर बाजार स्थित ब्रह्मकुमारी सदर बाजार जोन संचालिका राज योगिनी किरण दीदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व अमित आहूजा उपस्थित रहे। जगमोहन आनंद ने परमात्मा शिव की महिमा का गुणगान करते हुए शिव शक्ति भगवान से आशीर्वाद की कामना की। राज योगिनी किरण दीदी ने कहा कि अनुशासन में जीना ही अनुशासन जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं और यही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। ब्रह्माकुमारी सदर बाजार शहर सह संचालिका रंजन बहन ने वास्तविकता का परिचय देते हुए जुड? की प्रेरणा दी।
ब्रह्माकुमारी विजय आर्य सुंदर गीतों की प्रस्तुति से और कुमारी सारिका ने सुंदर नृत्य प्रदर्शन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मीना अग्रवाल, हर्ष, सीमा, राजपाल, बबीता दीवान, श्रीपाल जिंदल, धर्मपाल सलूजा, सुभाष बंसल, अशोक मेहता, रामस्वरूप, अनिल, रामलाल वोहरा, कृष्णा आदि भी शामिल रहे।

# दर्शन-विभाग में पंद्रह दिवसीय योगाभ्यास कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन**
पानीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने बुधवार को शहर के वार्ड नंबर 9 तथा वार्ड नंबर 15 का दौरा कर लोगों से भाजपा का कमल खिलाने का अनुरोध किया कोमल सैनी ने वार्ड 9 के प्रत्याशी नवल जिंदल के साथ डोर टू डोर अभियान चला वोट मांगे तथा गंगा धाम में वोट मांगे।उन्होंने कहा कि पानीपत एक ऐतिहासिक, औद्योगिक व व्यवसायिक नगर है इसलिए शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना उनकी पार्टी की मुख्य प्राथमिकता



है।उन्होंने कहा कि भाजपा नगर निगम का चुनाव भारी मतों से जीतेगी और जनता के आशीर्वाद से शहर के विकास के मामले में शहर को नम्बर एक सिटी बनाने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

# निकाय चुनाव में खड़े भाजपा के सभी प्रत्याशी भारी समर्थन से हासिल करेंगे जीतः मनोहर

**संकल्प पत्र**

**इस बार करनाल में और तेज गति से विकास किए जाएंगे। स्वच्छता से जुड़े कार्यों को किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शिवरात्रि के अवसर पर करनाल में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने समस्त करनालवासियों को शिवरात्रि की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में सभी 10 नगर निगम, 4 नगर परिषद और समस्त नगरपालिकाओं में खड़े भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।
इस मौके पर उन्होंने करनाल का संकल्प पत्र जारी किया। उनके साथ करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं असंध के विधायक योगेंद्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता समेत भाजपा की मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार व समस्त पार्षद प्रत्याशी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश स्तर पर निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पिछले दिनों जारी किया गया था। आज जहां-जहां चुनाव है, वहां का स्थानीय संकल्प पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार करनाल में और तेज गति से विकास किए जाएंगे। सडक, पार्क, स्वच्छता से जुड़े कार्यों को किया जाएगा। इसके साथ-साथ स्मार्ट सिटी के जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उन्हें भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। शहर में सिंगल पिलर फ्लाईओवर का कार्य शुरू हो गया है, जो जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
**डिजिटलाइजेशन पर दिया जाएगा जोर :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस बार शहरों के डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जाएगा। करनाल में पहले से आईसीसीसी स्थापित किया गया है। जिन शहरों में यह नहीं है, वहां आई ट्रिपल सी स्थापित किया जाएगा। इससे शहरों की व्यवस्थाएं और बेहतर होंगी। इसके माध्यम से सीवरेज, लाइट, ट्रैफिक, मौसम आदि की व्यवस्था का जायजा लिया जा सकता है।
इसके अतिरिक्त अत्याधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। हर शहर में एक अत्याधुनिक सभागार भई स्थापित किया जाएगा।
जहां सीवरेज की पुरानी व्यवस्था है, उसे ठीक किया जाएगा। अवैध कॉलोनियों को वैध किया जाएगा। सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर किया जाएगा, इसमें पीपीपी मॉडल से भी काम किया जाएगा। पार्कों के सौंदर्यकरण, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम बनाया जाएगा।

# सरकार का शहरों में सफाई और परिवहन पर जोरः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में निकाय चुनाव जारी हैं और भाजपा के चुनाव चिन्ह पर लड़ रहे प्रत्याशियों को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। इसके अलावा शहरों में सफाई व्यवस्था, लाइब्रेरी निर्माण, वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वाहन नीति और पार्किंग सुविधाओं को लेकर भी सरकार योजनाएं बना रही है। उन्होंने बताया कि देशभर के लिए एक लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड रखा गया है, जिससे नगरों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।



मनोहर लाल आज करनाल में विभिन्न विषयों पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई स्थानों पर निजीकरण किया गया है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सेग्रीगेशन और प्रोसेसिंग जैसी व्यवस्थाओं में निजी कंपनियों की मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सोनीपत में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जबकि गुडगांव और फरीदाबाद में वेस्ट कोयला बनाने के लिए एनटीपीसी को सौंपा गया है। यह कोयला थर्मल पावर प्लांट में उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा वेस्ट से एथेनॉल और

**स्वच्छता**

**वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वाहन नीति और पार्किंग सुविधाओं को लेकर भी सरकार योजनाएं बना रही**

खाद बनाने के भी प्रोजेक्ट लगाए जा रहे हैं।
केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ई-बसों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। कॉमर्शियल वाहनों को लेकर भी एक नई ईवी कॉमर्शियल पॉलिसी बनाई गई है, जिससे पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट पार्किंग सिस्टम लागू किया जाएगा, ताकि वाहन पार्किंग की समस्या को दूर किया जा सके। करनाल में स्मार्ट पार्किंग के साथ-साथ रिक्शा स्टैंड भी बनाए जाएंगे।
रैपिड मेट्रो परियोजना पर पूछे गए सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि यह एक नई तकनीक थी, जिसमें प्रति किलोमीटर 50 करोड़ रुपए का अंतर था। सरकार इस नई तकनीक का अध्ययन कर रही है, हालांकि प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सभी प्रक्रियाएं पूरी होंगी, काम शुरू कर दिया जाएगा।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में इन हाउस 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोगाम आोजित

**प्रोगाम**

**सीबीएसई की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक टीचर को प्रतिवर्ष 25 घंटे की इन हाउस ट्रेनिंग करना अनिवार्य है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 में आज विज्ञान आधारित एकदिवसीय इन हाउस वनडे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोगाम का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान के साथ -साथ अन्य



विषयों के क्षेत्र में क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता पूजा शर्मा ने अध्यापकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विज्ञान के साथ साथ अध्यापन कार्य में कुशलता लाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें नवीनतम अनुसंधान और तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया।
स्कूल प्रधानाचार्या डॉ० सुमिता ठाकुर ने कहा, की सीबीएसई की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक टीचर को प्रतिवर्ष 25 घंटे की इन हाउस ट्रेनिंग करना अनिवार्य है इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# शिवरात्रि पर करनाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहरभर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल पहुंचे और रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे भव्य शोभायात्रा में भी शामिल हुए। शोभायात्रा रघुनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी और प्रचारी शिव मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की स्तुति की और पूरे शहर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजे। शोभायात्रा में ब्रह्माकुमारी बहनों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बैंडबाजों और भक्ति गीतों के साथ जब यात्रा शुरू हुई



तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शहर के मुख्यमार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा में माताओं और बहनों ने सिर पर कलश धारण कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए और पूरे शहर में शिवमय वातावरण बन गया। इस पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने भी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान इस धरती

**जयकारे लगाए**

**रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे भव्य शोभायात्रा में भी शामिल हुए**

पर अवतरित हो चुके हैं और उन्हें पहचानना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि ईश्वर की पहचान केवल आध्यात्मिकता के माध्यम से ही संभव है। वहीं मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने भी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज पूरे करनाल में श्रद्धालुओं में भारी जोश देखने को मिल रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के सभी शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और रुद्राभिषेक कर विशेष अनुष्ठान संपन्न किए। शिवभक्तों ने दिनभर उपवास रखा और भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। शहरभर में शिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जगह-जगह भंडारे लगाए गए, जहां भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शिवरात्रि पर्व पर प्रशासन ने भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे।

# संपादकीय

## उच्च शिक्षा में महिलाओं का योगदान

**महिला शै**क्षणिक नेता और उद्यमी न केवल संस्थानों को आकार दे रहे हैं, बल्कि उनके ग्रिट और दृढ़ संकल्प के साथ भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ाते हैं महिलाएं आज सामने से अग्रणी हैं - शिक्षाविदों या शिक्षा, मीडिया, स्वास्थ्य सेवा, सशस्त्र बलों और कई अन्य क्षेत्रों में। देश एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है कि महिला नेताओं को पहले कैसे माना जाता था। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य भी एक मजबूत महिला-नेतृत्व वाले बल द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो देश की प्रगति की नींव रखता है, सामाजिक-आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता और जीवन की बेहतर गुणवत्ता के लिए अवसरों को अनलॉक करता है। कहने की जरूरत नहीं है, विकसीट भारत की यात्रा में महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा आवश्यक है। शिक्षित महिलाएं परिवर्तन, उत्थान परिवारों, समुदायों को मजबूत करती हैं और राष्ट्रीय प्रगति को ईंधन देती हैं, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी प्रभाव पैदा करती हैं। वर्तमान परिदृश्य और उल्लेखनीय उल्लेख भारतीय उच्च शिक्षा तब पुरुष-प्रधान रहती है जब यह नेतृत्व की बात आती है, यहां तक ??कि महिलाएं एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, डेटा बताते हैं। 2021 में, महिलाओं ने भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के सिर्फ 9.55 प्रतिशत का नेतृत्व किया, जबकि पुरुषों ने 89.57 प्रतिशत का नेतृत्व किया। यह अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं के अधिक समावेशी प्रतिनिधित्व को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। यदि हम अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ भारत की तुलना करते हैं, तो इसे भरने के लिए अभी भी एक बड़ा अंतर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, वैश्विक स्तर पर शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में 25 प्रतिशत नेतृत्व के पदों पर महिलाओं द्वारा कब्जा कर लिया गया है। अच्छी खबर यह है कि तस्वीर काफी बदल रही है, खासकर पिछले कुछ वर्षों में। यहां तक ??कि अतीत में, देश ने एक अग्रणी समाज सुधारक, सावित्रिबाई फुले जैसे दूरदर्शी महिला नेताओं को देखा है, जिन्होंने अपने पति ज्योतिरो फुले के साथ, 1848 में लड़कियों के लिए भारत के पहले स्कूल की स्थापना की, जिसमें महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक न्याय की चैंपियन थे। अन्य उल्लेखनीय और व्यावहारिक महिला नेता जो उच्च शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित कर रहे हैं, उनमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के सुश्री रश्मि मित्तल, प्रो-चांसलर और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डॉ। उमा भारद्वाज, वाइस-चांसलर शामिल हैं। अन्य सम्मानजनक उल्लेखों में डॉ। मधु चितकारा, चितकारा विश्वविद्यालय में समर्थक चांसलर और 42 साल के एक विशाल अनुभव के साथ एक उच्च शिक्षा उद्यमी शामिल हैं, जिन्होंने खरोंच से एक सफल विश्वविद्यालय का निर्माण किया है; डॉ। अनन्या मुखर्जी, शिव नादर विश्वविद्यालय, दिल्ली-एनसीआर के कुलपति, एक संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त। इसके अलावा, व्यवसाय और उद्यमशीलता के अंतरिक्ष में महिला नेताओं ने भी भारतीय युवाओं को प्रेरित किया है। उल्लेखनीय उल्लेखों में किरण माजुमदार शॉ और इंद्र नूयोई शामिल हैं। महिला नेता समावेशी वातावरण और नवाचार के माध्यम से भारतीय उच्च शिक्षा को बदल रही हैं। नेतृत्व की स्थिति में अधिक महिलाएं विविधता बढ़ाती हैं और शिक्षाविदों में नए दृष्टिकोण लाती हैं। अपने प्रयासों के माध्यम से, वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भारत में अधिक प्रगतिशील और न्यायसंगत शैक्षिक परिदृश्य के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। अकादमिया में महिला नेताओं द्वारा सामना की गई चुनौतियां महिला नेताओं के लिए चुनौतियों में एक छोर पर सामाजिक रूढ़िवादिता और दूसरे में एक संस्था की बाधाएं शामिल हैं। कई महिलाएं अभी भी नेताओं के रूप में, विशेष रूप से पारंपरिक क्षेत्रों में अपनी क्षमता के बारे में उनके खिलाफ गंभीर पूर्वाग्रहों का सामना कर रही हैं। महिलाओं को अपने पेशेवर उन्नति के लिए संरक्षक और नेटवर्क प्राप्त करने के अवसरों की कमी होती है। दुनिया भर में महिला नेताओं के लिए मुख्य मुद्दे काम-जीवन संतुलन और वरिष्ठ नेतृत्व के पदों में अपर्याप्त उपस्थिति से संबंधित हैं।
भारतविश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के माध्यम से देश भर में महिला संकाय को ओरिएंट और प्रशिक्षित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण लिया है।

**दिल में दीपमाला सजाई थी मैंने।।**

**तेरे लिए महफिल सजाई थी मैंने .**
**दिल में दीपमाला सजाई थी मैंने।।**

**तेरे आते ही महफिल गुलजार हुई**
**पलकों को राहों में बिछाई थी मैंने।।**

**पायल की छन छन आवाज से तेरी,**
**खुबसूरत गजल गुनगुनाई थी मैंने।।**

**ख्याल से ही तेरे महक आ जाती है**

**संजीव**

---

# अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव का ऐतिहासिक परिदृश्य एवं देव परंपराओं का महत्व



**खेमचंद शास्त्री**

> "देवता माधोराय की जलेब में रियासतकालीन देवी देवताओं के चलने का क्रम निर्धारित है। जिसमें सबसे आगे देव छाणणू और देव छमाहू के रथ चलते हैं। इसके पश्चात देव कोटलू नारायण और देव सरोली मारकण्डेय,देव शैटी नाग,देवी डाहर की अंबिका, देव विष्णु मतलौड़ा, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, देव बायला का नारायण,देव बिटटू नारायण,देव लक्ष्मीनारायण पखरोल, चौहारघाटी के देवता देव हुरंग नारयण, देव घड़ौणी नारायण,देव पाशाकोट नारायण, देव पेखरू का गहरी,देव चुंजवाला शिव पुराना, देव तुंगासी ब्रह्मा,देवी सरस्वती माहमाया,देवी नाऊ की अंबिका के पश्चात राज माधवराय की कुर्सी,चांदी की छडियां, सूरज पंखे, छत्तर और राजमाधवराय की पालकी चलती है। इसके पीछे भी छह देवता चलते हैं। जिनमें देव शुकदेव डगांढू , देव शुकदेव मड़घयाल,देव जलौणी गणपति, देव शेषनाग टेपर,देव झाथीवीर देव टूंडीवीर चलते हैं। मेलों के दौरान यह जलेब तीन बार प्रथम दिन , मध्य और समापन्न पर निकलती है। मेले की अंतिम जलेब में प्रदेश के राज्यपाल शिरकत करते हैं"

**हिमाचल** प्रदेश शिवभूमि के रूप में विख्यात है...शिव यहां की लोक आस्था और परंपराओं से जुड़े लोकदेवता के रूप में मान्य हैं। हिमाचल के हृदयस्थल में स्थित मंडी नगर का शिवरात्रि महापर्व विश्व विख्यात है, मंडी की शिवरात्रि अपने आपमें विविधता लिए हुए है। शैवमत से प्रभावित इस पहाड़ी रियासत में शिवरात्रि महापर्व की शुरूआत को लेकर विद्वानों में मतैक्य नहीं है। 16वीं शताब्दी 1526 ई.में राजा अजबर सेन जब बटोहली से अपनी राजधानी ब्यास नदी के उस पार स्थापित की थी। संभवतः इसी दौरान महाशिवरात्रि के पर्व का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में इसे दो दिन के लोकोत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। जिसमें मंडी जनपद के लोक देवताओं की भागीदारी रहती थी। मंडी शिवरात्रि को शैव के साथ-साथ वैष्णव और लोकवादी स्वरूप प्रदान करने का श्रेय राजा सूरज सेन को जाता है। सूरज सेन का शासन सन् 1637-1664 ई. के दौरान रहा है। राजा सूरज सेन ने मंडी रियासत की सीमाओं के विस्तार में विशेष दिलचस्पी दिखाई। जिसके लिए युद्ध और कुटनीति दोनों का ही सहारा लिया। सूरज सेन की दस रानियां और अठारह पुत्र एवं एक पुत्री थी। मगर एक के बाद एक सभी बेटे काल का ग्रास होने पर राजा भयभीत हो उठा। उसे अपना राज्य छीन लिए जाने की आशंका सताने लगी। मगर उसने कूटनीति से काम लेते हुए अपना राज्य भगवान विष्णु के प्रतीक माधो राय को समर्पित कर दिया और स्वयं राज्य का संरक्षक बनकर राजकाज देखने लगा। मंडी के भीमा सुनार ने माधोराय की चांदी की प्रतिमा बनाई जो आज भी मौजूद है। जिसे पालकी में रखकर धूमधाम के साथ पडडल मैदान तक ले जाया जाता है। इससे खुश होकर राजा ने उसे तुंगल में बहुत बड़ी जागीर दे डाली थी। सूरजसेन ने ही मंडी शिवरात्रि लोकोत्सव का रूप प्रदान करते हुए जनपद के देवी-देवताओं को मंडी नगर में आमंत्रित करने और एक सप्ताह तक मंडी नगर में मेहमान बनकर रखने की परंपरा भी डाली।

**शैव-वैष्णव एवं लोक का समावेश**

मंडी शिवरात्रि में शैव मत का प्रतिनिधत्व जहां मंडी नगर के अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ करते हैं, तो वैष्णव का प्रतिनिधित्व राज देवता माधोराय और लोक देवताओं की अगुवाई बड़ादेव कमरूनाग और देव पराशर करते है। इस लोकोत्सव में देवी देवताओं के साथ जनपद के लोगों की भागीदारी भी रहती थी जो मंडी नगर में माधोराय के अलावा अपने राजा के दर्शन भी करते थे। इस बात की पुष्टि इस बात से भी होती है। जब राजा सूरज सेन रानी ताल कांगड़ा में हुए युद्ध से भागकर भटकते हुए बरोट पहुंचा था तो एक बूढ़ी महिला ने रोते हुए कहा था कि उसकी शक्ल मंडी के राजा सूरज सेन से मिलती है। जो अब गुम हो गया, या फिर लड़ाई में मारा गया है। राजा ने पूछा कि वह उसकी शक्ल कैसे पहचानती है तो बुढिया ने कहा कि उसने अपने राजा को मंडी की शिवरात्रि के दौरान देखा है। तब गांव वालों को पालकी पर बिठाकर मंडी नगर पहुंचाया था। सूरज सेन ने इसके बाद से चौहार क्षेत्र के लोगों की बेगार माफ कर दी थी। यहां के प्रमुख देवता हुरंग नारायण हैं। देवता हुरंग की अध्यक्षता में मंडी के राजा झटींगरी में अपनी अदालत लगाते थे। यह भी कहा जाता है कि मंडी शिवरात्रि मेला की शुरूआत राजा ईश्वरी सेन के समय में हुई। वह जब कई सालों बाद मंडी नगर में वापस लौटे तो उनके आने की खुशी में मेले का आयोजन किया गया।शिवरात्रि मेले के दौरान जनपद के देवी देवता राज देवता माधोराय के दरबार में हाजरी लगाते हैं। यह परंपरा भी सूरज सेन के जमाने से ही चली आ रही है। जबकि शिवरात्रि का शुभारंभ बाबा भूतनाथ और माधोराय के मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ होता है। इसमें सबसे पहले बड़ा देव कमरूनाग व अन्य चुनिदा देवी देवता मंडी नगर में पहुंचते है। इसके पश्चात ही शिवरात्रि के कारज शुरू होते हैं। राजतंत्र के जमाने से ही राजदेवता माधोराय की जलेब निकलती है। जिसमें चुनिंदा देवी देवताओं के रथों के अलावा होमगार्ड और पुलिस बैंड, घुड़सवार और जवानों तथा विभिन्न क्षेत्रों के सांस्कृतिक दल भी शामिल होते हैं। राजतंत्र के जमाने में राजा हाथी पर सवार होकर जलेब में शामिल होता था। इसके साक्ष्य के रूप में शिवरात्रि की जलेब के कुछ चित्र प्राचीन हवेलियों में देखने को मिलते हैं। इन चित्रों में सेरी चानणी और घंटाघर के आसपास लगे मेले के दृश्य चित्रित हैं। वहीं पर जलेब देखने उमड़ी भीड़ और रनिवास झरोखों से रानियों और राजपरिवार से जुड़ी महिलाओं के उत्सुकता से इस भव्य जलेब को देखने के दुश्य भी इन चित्रों में चित्रित है। मंडी शिवरात्रि देश में अपनी तरह का अलग लोकोत्सव है। जिसमें जनपद के सैंकड़ों देवी देवता एक सप्ताह तक मंडी नगर में मेहमान बनकर रहते है। वहीं पर एक कतार में बैठे इन देवी देवताओं का अनूठा देव समागम अन्यत्र कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। इस देव समागम में हिमाचल में पाई जाने वाली देवरथ शैलियों का अवलोकन करने को मिलता है। देव समागम में बैठने वाले देवताओं की वरिष्ठता का विशेष ध्यान रखा जाता है। वरिष्ठ देवता का स्थान पहले होता है। उसी क्रम से अन्य देवी-देवता स्थान ग्रहण करते हैं। लोक विश्वास के अनुसार जिस देवता की पालकी पहले बनी है वही वरिष्ठ होता है। वैसे वरिष्ठता के और भी कई पैमाने देव समाज में देवी-देवताओं को लेकर है। बड़ादेव कमरूनाग का रथ ही नहीं है। मगर वे जनपद के सबसे बड़े देवता माने जाते है। कुछ देवता इस महापर्व में पदार्पण तो करते हैं , मगर सार्वजनिक तौर पर होने वाले देव समागम का हिस्सा नहीं बनते है। उनमें कमरूनाग, पराशर के अलावा भगवती अंबिका नाऊ, बूढ़ी भैरवा, बगलामुखी और धूमावती आदि नरोल की देवियां कहलाती हैं। मंडी शिवरात्रि का एक और आकर्षण देव मिलन है। जिसमें देवी-देवता एक दूसरे की पालकी पर झुककर अभिवादन करते है। इसमें भी वरिष्ठता और कनिष्ठता का ख्याल रखा जाता है। कनिष्ठ देवता का रथ वरिष्ठ देवता की ओर दौडक? आता है। और अभिवादन स्वरूप झुकते हुए उसकी परिक्रमा करता है। मंडी शिवरात्रि में ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने के अलावा सोधार्थियों के लिए देव संस्कृति को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है। सदियों से चली आ रही देव समाज की व्यवस्था है। जिसमें देवता है, गुर, पुजारी, कटयाला, कारदार, भंडारी के अलावा देवताओं के आगे लोकवाद्यों को बजाने वाले बजंतरी भी शामिल है। जो आस्था और परंपरा के नाम पर पीढ़ी दर पीढ़ी इस व्यवस्था के वाहक बने हुए है। बदलते दौर में भी इस महापर्व का तीलिस्म बरकरार है। देव व आदम के मिलन यह अनुठा पर्व समय और समाज के बीच के अंतर को पाटने में न केवल मददगार साबित हो रहा है, बल्कि पहाड़ की संस्कृति को कायम रखते हुए।

**रियासतकालीन दौर में मेले का स्वरूप**

रियासतकालीन दौर में राजाओं के समय मेलों का स्वरूप अलग था। इस दौरान मेलों का आयोजन एक जगह न होकर अलग-अलग जगहों पर होता था, जिनमें सेरी, पड्डल में, चौहटा में (भूतनाथ प्रागंण) और टारना में मेलों का आयोजन किया जाता था। शिवरात्रि मेलों की विशेषता यह रही है कि सात दिन चलने वाले ये मेले किसी न किसी मंदिर व देवता को समर्पित रहे है। जिसमें पहला मेला श्री राज माधोराय ी के नाम, दूसरा मेला जगन्नाथ मंदिर पड्डल,तीसरा मेला टारना में स्थित श्यामाकाली, चौथा मेला रामचंद्र व जालपा पड्डल, पांचवा मेला सिद्धकाली, भूवनेश्वरी सेरी, छठा मेला त्रिलोकीनाथ व शीतला माता पुरानी मंडी, सातवां मेला चौहटा में स्थित बाबा भूतनाथ को समर्पित किए जाते थे। उपरोक्त मन्दिरों में मेले के दौरान पूजा राजा स्वयं करता था। राजा, राज माधवराय की पालकी के साथ चाणणी सेरी में विराजमान होते थे और मेलों में जो खेलों इत्यादि का आयोजन किया जाता था व सेरी मंच पर होता था और देवते भी सेरी में ही बैठते थे और रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम होता रहता था, जिससे मंडी शहर के समस्त वासी मेलों का आनंद लेते थे। कुछ समय बाद रियासत टूटने के सभी कार्यक्रम बंद हो गए है। पड्डल में जलेब के बाद राजा, राज माधवराय के साथ चानणी में बैठते थे। रियासत के समय जलेब में राजा हाथी पर सवार हो कर जाते थे और चाणणी के आगे खेलों का प्रदर्शन होता था। इनमें पुलिस घोड़ा दौड़ इत्यादि। देवता अपने-अपने चिन्हित स्थानों पर पड्डल में बैठ जाते थे। देवताओं का चिन्हित स्थान पडडल में मिलिट्री बैरक के आगे था जहां की आज कॉलेज का भवन बन चुका है उसके आगे देवता बैठते थे। देवता आज भी वहीं बैठ रहें है। जिन देवताओं ने मंडी में आना बंद कर दिया था और 40-60 साथ के बाद आना शुरू किया उनके स्थानों में ना आने के कारण स्थान बदल गए है और अन्य देवता बैठ गए है। जहां पड्डल में चानणी में राज माधवराय के साथ राजा बैठते थे आज वहां राज माधवराय के साथ माता नाऊ पनाऊ की देवी अम्बिका बैठ रही है। पड्डल का मेला सम्पन होने पर राजा, राज माधवराय के साथ लाव-लश्कर और देवताओं के साथ सभी उसी तरह जलेब से वापिस आते थे और राज माधवराय के मंदिर तक जलेब आती थी। आज यह प्रथा बंद है।

**भूतनाथ और माधोराय के मंदिरों में पूजा के साथ शुरू होते हैं शिवरात्रि के कारज**

शिवरात्रि के रोज से ही मंडी शिवरात्रि मेलों के कारज शुरू हो जाते है। बाबा भूतनाथ और राज देवता माधोराय के मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही मंडी शिवरात्रि मेलों के कारज शुरू हो जाते है मेला कमेटी के अध्यक्ष उपायुक्त राज देवता माधोराय और मंडी शहर के अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करते है। परपंरा के अनुसार महा शिवरात्रि के अवसर पर राज देवता माधवराय मंदिर के प्रागण में बने हवन कुंड में हवन से शिवरात्रि के कारज की शुरूआत होती है। आमतौर पर यह सुबह 8 बजे का रखा होता है। हवन में मेला कमेटी के अध्यक्ष उपायुक्त यजवान की भूमिका निभाते है और श्री माधवराय के पुरोहित जो हवन करवाता है, हवन सामग्री प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है। हवन के समय नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान सर्व देवता कमेटी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भाग लेते है। हवन के उपरान्त मेला कमेटी अध्यक्ष श्यामाकाली मन्दिर टारना में पूजा सामग्री जिसमें धूप दीप अगरबत्ती अक्षत कुंगू, नारियल, चुन्नी/चादर भेंट व दक्षिणा सहित लेकर माता के दरबार में पहुंचते है और माता की पूजा अर्चना करने के उपरान्त माता को भेंट अर्पित करते है। उसके उपरान्त बडा देव कमरुनाग जो टारना में शिवरात्रि मेले के दौरान टारना मंदिर में विराजमान होते है को भी उसी तरह की भेंट अर्पित की जाती है। कार्यालय में वापिस आने के बाद उपायुक्त महोदय कुछ समय वहां व्यतीत करते है इसके बाद बाबा भूतनाथ की पूजा अर्चना करने के लिए राज माधवराय के दरबार में आते है और राज माधवराय के दरबार से एक छोटी जलेब निकलती है।

**राज देवता माधोराय की जलेब से होता है मेलों का शुभारंभ**

अंतर्राष्ट्रीय मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव के मेलों शुभारंभ राजदेवता माधोराय की जलेब से होता है। जलेब यानी शोभायात्रा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री शिरकत करते हैं। अगर किसी कारणवश मुख्यमंत्री न आ सके तो महामहिम राज्यपाल हिमाचल प्रदेश मेले का शुभारंभ करते हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष की ओर से मुख्यातिथि को पगड़ी सम्मान के रूप में भेंट की जाती हैं और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी पगड़ी पहन कर राजदेवता की जलेब में शामिल होते हैं। माधवराय के दरबार में पूजा अर्चना करने के बाद जलेब रवाना होती है। जिसमें सबसे पहले रसाले पुलिस के घुड़ सवार, दो पुलिस के जवान, तीन होमगार्ड जवान ध्वज सहित, होमगार्ड बैंड, पुलिस की टुकड़ी, देवताओं के ध्वज,देवताओं के बीस रथ वाद्ययंत्रों सहित शामिल होते हैं। राज माधवराय के बजंतरी,ध्वज माधवराय की चांदी की कुर्सी, श्री माधवराय की चांदी की छडियां, चांदी सूरज पंखे, छत्र और राज देवता माधवराय की पालकी जिसमें भीमा सुनार द्वारा बनाई गई माधोराय की चांदी की मूर्ति विराजमान रहती है।

**जलेब में देवताओं का क्रम**

राज देवता माधोराय की जलेब में रियासतकालीन देवी देवताओं के चलने का क्रम निर्धारित है। जिसमें सबसे आगे देव छाणणू और देव छमाहू के रथ चलते हैं। इसके पश्चात देव कोटलू नारायण और देव सरोली मारकण्डेय,देव शैटी नाग,देवी डाहर की अंबिका, देव विष्णु मतलौड़ा, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, देव बायला का नारायण,देव बिटटू नारायण,देव लक्ष्मीनारायण पखरोल, चौहारघाटी के देवता देव हुरंग नारयण, देव घड़ौणी नारायण,देव पाशाकोट नारायण, देव पेखरू का गहरी,देव चुंजवाला शिव पुराना, देव तुंगासी ब्रह्मा,देवी सरस्वती माहमाया,देवी नाऊ की अंबिका के पश्चात राज माधवराय की कुर्सी,चांदी की छडियां, सूरज पंखे, छत्तर और राजमाधवराय की पालकी चलती है। इसके पीछे भी छह देवता चलते हैं। जिनमें देव शुकदेव डगांढू , देव शुकदेव मड़घयाल,देव जलौणी गणपति, देव शेषनाग टेपर,देव झाथीवीर देव टूंडीवीर चलते हैं। मेलों के दौरान यह जलेब तीन बार प्रथम दिन , मध्य और समापन्न पर निकलती है। मेले की अंतिम जलेब में प्रदेश के राज्यपाल शिरकत करते हैं।

पराशर की जागः

शिवरात्रि मेलों के समापन्न की पूर्व संध्या पर राजा के बेहड़े भवानी पैलेस के प्रांगण में ऋषि पराशर की जाग का आयोजन होता है। इस दौरान अलाव जलाया जाता है और देव पराशर का गूर देवखेल में हिस्सा लेता है। पिछले कुछ सालों तक महर्षि पराशर की छड़ी मेले में नहीं आई तो इस परंपरा का निर्वहन पराशर के बजीर देव शुकदेव थट्ठा ढगाहंडू के गूर द्वारा जाग के दौरान किया जाता रहा है। इस दौरान विभिन्न देवताओं के पांच गूर शामिल रहते हैं।

आदिब्रम्हा द्वारा नगर में कार बांधना

अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्री मेले के अंतिम दिन उत्तरसाल क्षेत्र के देवआदि ब्रह्मा शहर की समृद्धि और खुशहाली के लिए कार बांधते हैं। देव आदि ब्रह्मा अपने लाव लश्कर के साथ मां सिद्धकाली के मंदिर से मंडी शहर की परिक्रमा शुरू करते हैं जो थनेहड़ा बाजार, जैंचू नौण होते हुए नए सुकेती पुल से होते हुए उसी स्थान पर आ जाते हैं। देवता जब माता सिद्धकाली के दरबार के पास पहुंचते हैं तो आदि ब्रह्मा का गुर देव परम्परा के अनुसार अपना देव कार्य करते हैं। रियासत के समय में इस कार्यक्रम के लिए पशुबलि का आयोजन मां सिद्धकाली के समक्ष किया जाता था। अब यह प्रथा बन्द हैं। इस परिक्रमा का उद्देश्य बुरी शक्तियों का नाश करना तथा बीमारी इत्यादि को रोकना है। इस कार्यक्रम के लिए पुलिस अध्यक्ष मण्डी के द्वारा सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाता है और देवता के साथ परिक्रमा के दौरान पुलिस बल तैनात किया जाता है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

**चौहटे की जातर**

बाबा भूतनाथ के प्रांगण चौहटा बाजार में शिवरात्रि मेले का अंतिम देवसमागम होता है। जिसे चौहटा की जातर के नाम से जाना जाता है। मेले के दौरान छह दिनों तक पड्डल मैदान में देवी -देवता बैठते हैं। मगर अंतिम दिन देवी देवता चौहटा में बैठते हैं, चौहटा की जातर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि में आए देवी देवता पडडल मैदान में देव समागम के बाद वापस अपने गांव लौट जाते हैं। चौहटा की जातर में देवताओं का दरबार सजता है तो भारी भीड़ उनके दर्शनों के लिए उमड़ पड़ती है। बड़ादेव कमरूनाग भी टारना की पहाडियों से उतर कर चौहटा बाजार में आते हैं जहां देवी देवताओं से मिलते हैं। इसके बाद कुछ देर के लिए सेरी चानणी की पौडियों पर अपना आसन जमाते हैं, तो उनके दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। इससे पूर्व मेला कमेटी के अध्यक्ष की ओर से राज राजेश्वरी के मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान छोटी जलेब निकलती है, जिसमें पुलिस बैंड के साथ राजदेवता की पालकी भी जाती है। जहां मेला कमेटी अध्यक्ष उपायुक्त की ओर से गणेश पूजन किया जाता है। इसके पश्चात बेहड़े में ठहरे देवी देवताओं को मिठाई , नारियल और चादर भेंट की जाती है। इसके पश्चात बाबा भूतनाथ की पूजा की जाती है। मेला कमेटी के अध्यक्ष द्वारा चौहटा में विराजमान देवी देवताओं को व्यापार मंडल की ओर से भी पूजा की थाली भेंट की जाती है जिसमें फल, शालू व नारियल आदि सामग्री मौजूद रहती है। इसके पश्चात देवी देवता आपस में गले मिलते हैं और वापस अपने -अपने गांव लौट जाते हैं। एक सप्ताह तक मंडी शहर ढोल-नगाड़ों ,शहनाई-करनाल और रणसिंगों के समवेत सवरों से गुंजायमान रहा। देवता के देवलू भी नाचते गाते हुए अपने देवता के साथ गांव लौट जाते हैं, इस प्रकार मंडी शिवरात्रि महापर्व लोक देवताओं की उपस्थिति में लोकोत्सव का रूप ले लेता है।

लेखक
खेमचंद शास्त्री
प्रभारी एक्शन इंडिया मंडी
9418300500
एल-16

---

## विदेश में अध्ययन के लिए कैरियर

**विजय गर्ग**

**कैरियर** परामर्श अपने शैक्षणिक और पेशेवर मार्गों के लिए मार्गदर्शन मांगने वाले छात्रों के लिए एक आवश्यक सेवा बन रहा है। इसके अलावा, ग्रेडिंग की रिपोर्ट के अनुसार, 64.8% छात्रों ने कैरियर काउंसलिंग प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके शैक्षणिक और कैरियर रास्तों के बारे में सूचित निर्णय दिए। हालांकि, यह संख्या पर्याप्त नहीं है, जैसा कि भारत में, पेशेवर मदद लेने की संस्कृति अभी भी एक नवजात अवधारणा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2023 के अनुसार, विश्व नौकरी बाजार तेजी से बदल रहा है। इसके अतिरिक्त, 85 मिलियन नौकरियां एआई के लिए खो जाएंगी और 97 मिलियन नई नौकरियां उत्पन्न हो रही हैं जो तकनीकी उन्नति-संचालित होंगी। इसलिए, छात्रों के लिए यह महसूस करना और भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें कहां आवश्यकता है। एक अक्सर अकादमिक सफलता में कैरियर परामर्श के लाभों को नजरअंदाज करता है। इसके अलावा, जर्नल ऑफ करियर डेवलपमेंट (2023) के अनुसार, इस परामर्श लेने वालों ने उन्हें स्विच करने की तुलना में चुने गए पाठ्यक्रमों से चिपके रहने की संभावना 30% अधिक थी। यह उनके कैरियर के उद्देश्यों के बारे में स्पष्टता के कारण है, और यह उन्हें दीर्घकालिक योजनाओं के प्रति उनके प्रयास और समर्पण को संरेखित करता है।

---

## 'तस्वीर की सियासत' बनाम 'सियासत की तस्वीर'?

**निर्मल रानी**

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को 'प्रोटोकॉल ' अथवा शिष्टाचार / नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सुरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। जाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं। दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें । तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे। परन्तु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का 'वनवास' खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए।

---

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

---

# चिंतन

## भारतीय वैज्ञानिकों के चिंतन पर मंथन होना चाहिए

**भारत में** विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। मनाया भी क्यों न जाए क्योंकि 28 फरवरी 1928 को भारत के वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन ने रमन प्रभाव की महत्वपूर्ण खोज की थी।इसी खोज के लिए 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया या यूं कहें भारत को विज्ञान के क्षेत्र में शोध के लिए पहला नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ। भारतीयों को यह तिथि विशिष्ट सम्मान और गौरव का एहसास कराती है।

मेरा ऐसा मानना है कि विज्ञान दिवस की सार्थकता तभी है जब इस दिवस का उपयोग युवाओं में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विज्ञान विषयों के प्रति आकर्षण पैदा करने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने, सामाजिक बुराइयों तथा अंधविश्वास को जड़ से समाप्त करने, नवीन शोध, नवाचार के प्रति ललक पैदा करने ,उनको अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप देने के उद्देश्य से विश्वस्तरीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करने के साथ पेटेंट कराने के लिए समर्पित किया जाएगा।इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि भारतीय शिक्षा तंत्र द्वारा युवाओं को भारतीय वैज्ञानिकों और उनके काम से, उनके विचारों से जितना परिचित कराना चाहिए था, कराया नहीं गया, जबकि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में उनका वैश्विक योगदान रहा है,परवर्ती वैज्ञानिकों, शोधकताओं के लिए नयी खोज करने की प्रेरणा रहा है। हमारे वैज्ञानिकों के शोध परिणाम ही नहीं, उनके विचार और संदेश भी युवाओं को अनुसंधान, नवाचार, और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, मार्गदर्शन देते हैं। भारत के संदर्भ में यदि बात की जाय तो आज का युवा तुलनात्मक दृष्टि से वैज्ञानिक बनने की कम ही सोचता है, कैरियर की दृष्टि से इस क्षेत्र को चुनने में कम ही विश्वास रखता है। जबकि यह अटल सत्य है कि बिना स्वदेशी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भारत को आत्मनिर्भर बनना, उन्नत और विकसित राष्ट्र बनना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। अतः विज्ञान दिवस को ही क्यों,साल भर ऐसे कार्यक्रम चलना चाहिए जो युवा पीढ़ी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करते हों, आकर्षण पैदा करते हों, विज्ञान को कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करते हों।

---

## साझा संकलन की सैर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

आधुनिक साहित्य का यह नजारा किसी प्राचीन महाकाव्य से कम नहीं है। हर साल, साहित्य प्रेमियों का एक बड़ा मेला सजता है, जिसमें लेखकों का एक समूह अपने शब्दों की जादूगरी दिखाने के लिए जुटता है। वे अपनी रचनाओं के साथ खड़े होते हैं, जैसे किसी रंगमंच पर अदाकारी करने वाले कलाकार। लेकिन, इस रंगमंच का एक अलग ही नजारा होता है, जहाँ पुरस्कारों की चमक से ज्यादा कुछ नहीं दिखता। हमारी कथा के नायक हैं, श्री रघुवीर शुक्ल, जो एक साधारण से लेखक हैं। उनके पास एक पुराना टाइपरायटर है, जो समय के थपेड़ों के चलते कभी-कभी खुद से शब्द निकालती है। लेकिन रघुवीर साहब को साहित्य का गंभीरता से पालन करने का बड़ा शौक था। उन्होंने अपने मन में ठान लिया था कि वह पुरस्कार जीतेंगे। यह विचार उनके मन में ऐसा गहराया, जैसे किसी बकरी की सोच में घास। लेखक शुक्ल ने अपने आसपास के लेखकों की कथा सुनी थी, जो पुरस्कारों की बौछार में अपने नाम की महिमा गा रहे थे। उनकी कामना थी कि उन्हें भी साहित्यत सत्करा का सौभाग्य मिले! उन्होंने अपने छोटे से गांव में अपने मित्रों को इकट्ठा किया और पुरस्कारों की योजना बनाने लगे। अब बात करते हैं, उन संपादकों की, जो इस साहित्यिक नाटक में असली कलाकार होते हैं। उन्होंने शब्दों को संजोने के लिए ऐसे जाल बिछाए हैं कि एक नया लेखक उनके जाल में छटपटाते हुए फँस जाए। संपादक, रौनक चौबे, एक ऐसा शख्स है, जो हर साल सैकड़ों साझा संकलनों का संपादन करता है। उन्होंने यह कला सीखी है कि कैसे लेखक को अपने जाल में फंसा कर उन्हें पैसे निकालने पर मजबूर किया जाए। आपकी रचना में गहराई की कमी है, रौनक चौबे ने एक लेखक से कहा, लेकिन अगर आप थोड़ी धनराशि अर्पित करेंगे, तो हम इसे प्रकाशित कर देंगे।ह्व यह सुनकर लेखक का चेहरा ऐसा हो गया, जैसे उसकी मम्मी ने उसे मीठा खाने से मना कर दिया हो। अब हमें बात करनी है, पाठकों की। वे लोग जो हमेशा सबसे पीछे खड़े होते हैं और एक अदद अच्छी रचना की प्रतीक्षा करते हैं।

न्यूज फ्लैश

## आर्य केंद्रीय सभा द्वारा ऋषि जन्मोत्सव व ऋषि बोधोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया



**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
आर्यसमाज हुड्डा में एक विशेष कार्यक्रम रखा गया जिसके बारे आर्य केंद्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधाना बेला भाटिया ने बताया की प्रारंभ में डॉ मनुदेव शास्त्री ने वैदिक मंत्रों की आहुतियां दिलाकर वैदिक यज्ञ किया। राकेश भाटिया एवं बेला भाटिया ,अंकित भाटिया नंदिनी भाटिया ,शिखर भाटिया साक्षी भाटिया एवं अनुराग बतरा सुधा बतरा मुख्य यजमान रहे। राकेश भाटिया ने ध्वजारोहण कर के कार्यक्रम का आगाज किया। सरिता आहूजा ने प्रभु भक्ति के भजन सुनाए सुधा बतरा जी ने अपनी कविता रखी पूज्य स्वामी आर्यवेश (प्रधान आर्य सार्वदेशिक प्रतिनिधि सभा दिल्ली) द्वारा प्रवचन रहे। आचार्य ने स्वामी दयानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला
कार्यकर्म की अध्यक्षता आर्य समाज हुड्डा के प्रधान आर्य सुरेश मलिक ने की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विभु पालीवाल व विशिष्ट अतिथि श्री अश्वनी आर्य रहे सम्मानित अतिथि सतीश चौधरी रहे। अन्त में आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आतम आर्य ने कार्यक्रम में आए हुए सभी महानुभावों का कार्यक्रम में आने और इसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में शारदा बरेजा आत्म बरेजा के आर छौक्कर , भगवान , दीपक त्यागी , राजीव सचदेवा, नवीन गाबा , संजीव मखीजा , धीरज कपूर , सुरेश आहुजा , कमलेश लिखा , कमलेश कथूरिया , सुरेश आर्य , सुनीता आर्य , वीरेंद्र आर्य, संदीप आर्य , राजिंदर ,ज्योति वंद्या आर्य आदि उपस्थित रहे।

## डॉ.राजीव पंवार एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ



समाजसेवी डॉ.राजीव पंवार को फाउंडेशन का नैशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त किया। नरेन्द्र अरोड़ा ने डॉ. राजीव पंवार को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। डॉ. राजीव पंवार ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि डॉ.राजीव पंवार करनाल के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी हैं, जो कि कई वर्षों से समाज सेवा के कार्य कर रहें हैं। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देशभर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है।

## वेतन लाभ को फ्रीज करने पर भड़के एनएचएम कर्मचारी

**फतेहाबाद।** नेशनल हेल्थ मिशन के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ फ्रीज किए जाने से एनएचएम कर्मचारियों में काफी रोष है। एनएचएम के तहत कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे को लेकर बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र भादू से मिला। फतेहाबाद में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने अधिकारों को लेकर सिविल सर्जन फतेहाबाद को एमडी, एनएचएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया सीएचओ एसोसिएशन जिला इकाई फतेहाबाद के संरक्षक डॉ. राजेन्द्र जांगड़ा व प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि मिशन निदेश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंचकूला द्वारा 17 जनवरी को जारी पत्र के अनुसार एनएचएम के सर्विस बाय लॉज 2018 के लाभ 27 जून 2024 के बाद फ्रीज कर दिए गए हैं। इस निर्णय के बाद जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों यानि सीएचओ में अपने वित्तीय नुकसान का डर बना हुआ है।

# असंध नगर पालिका उपचुनाव में भाजपा करेगी बड़ी जीत दर्ज: कृष्ण

### भाजपा प्रत्याशी सुनीता अरडाना के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु भव्य रोड शो का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** असंध नगर पालिका उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनीता अरडाना के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु भव्य रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिरकत की और भाजपा प्रत्याशी सुनीता अरडाना के पक्ष में वोट की अपील की।



कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि नगर पालिका उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी। असंध पालिका में एक बार फिर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी। आज हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रदेश में अभी डबल इंजन की सरकार चल रही है और इस नगर पालिका चुनाव के बाद असंध में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की गति प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोकसभा और विधानसभा चुनाव में असंध वासियों का भाजपा को समर्थन मिला है, उसी भांति नगर पालिका उपचुनाव में भी जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भलीभांति परिचित हूं, जिनका ट्रिपल इंजन की सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में होने वाली जीत आप सभी के अथक प्रयास की जीत होगी की जीत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार प्रदेश में बहुमत हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। इस बार पिछले दो कार्यकाल पूरी करने वाली सरकार को तीसरी बार मौका मिला है। यह भाजपा के लिए गर्व का विषय है। इस जनादेश की गूंज दूर-दूर तक है। उन्होंने कहा कि अब असंध हलके में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। असंध शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## नर सेवा ही नारायण सेवा है: प्रवीण जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**समाज** सेवा संगठन की ओर से जी टी रोड पर महा शिवरात्री के पावन पर्व पर 33 वा विशाल भंडारा लगाया जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाज सेवी विजय जैन वशिष्ठ अतिथि गोपाल तायल नरेश जैन दीपक सिंगला ने किया मुख्य अतिथि ने कहा समाज सेवा संगठन सामाजिक कार्य में हमेशा अग्रणी रहता हैं। समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया महा शिवरात्री का बहुत ही पावन पर्व होता है आज के दिन ही शिव और शक्ति का मिलन हुआ था आज के दिन शिव भगत गौमुख गंगोत्री ऋषिकेश हरिद्वार से गंगा जल लाकर अपने अपने गांव के शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। भोले बाबा सबकी मनोकामना पूरी करते है और आजके दिन भंडारा लगाने का विशेष महत्व है भोले बाबा अपने भगत की सेवा से खुश होते है पुराणों में भी वर्णन है नर सेवा ही नारायण सेवा है जैन ने कहा संगठन पर भोले बाबा की असीम कृपा है। जिससे समय समय पर हमें जरूरत मन्द की सेवा का मौका मिलता रहता है बड़े ही खुश नसीब होते है वो जिनको सेवा करने का मौका मिलता है संगठन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## निगम चुनाव में मतदाता बढ़-चढकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे नगर निगम चुनावों में आगामी 2 मार्च को बढ़-चढकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं के नाम जारी संदेश में कहा है कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के मतदान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने से लोकतंत्र मजबूत होगा।

## भाजपा ने पानीपत निगम कें लिए संकल्प पत्र जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
भाजपा के जी टी रोड के मुख्य चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ,जिला महामंत्री कृष्ण छोकर,उपाध्यक्ष राजेंद्र हल्दाना व डा हेमा रमन, जिला मीडिया प्रमुख ओम दत्त आर्य,नगर निगम चुनाव मीडिया प्रभारी ईश कुमार राणा,भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने नगर विकास का संकल्प पत्र जारी किया।
उन्होंने प्रेस से वार्ता करते हुए कहा कि पानीपत एक धार्मिक, ऐतिहासिक,औद्योगिक व व्यवसायिक नगर है।इसे देखने के लिए प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु एवं



बायर आते है। इसी के दृष्टि गत भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है।उन्होंने कहा कि शहर के मध्य से गुजरने वाली जी टी रोड की चौड़ाई को बढ़ाकर यातायात व्यवस्था की बेहतर बनाया जा जायेगा। शहर के नागरिकों को पीने का शुद्ध पानीपत पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाने के लिए यमुना जल रेनी वेल प्रोजेक्ट के तहत लोगों को पीने का शुद्ध यमुना जल उपलब्ध करवाया जाएगा।
महिला सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए सभी मुख्य चौराहों पर सी सी टीवी कमेरे लगवाए जाएंगे।
यही नहीं मुख्य चौराहों पर बेहतर रोशनी की सुविधा नागरिकों को मिलेगी। पानीपत के मध्य गुजरने वाली ड्रेन नंबर 1 को करनाल की तर्ज पर कवर करके बाय पास के रूप यातायात के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ वा सुंदर बनाने के लिए जहां पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा वहीं कचरा संग्रहण और अपशिष्ट उठान को प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की भाजपा शहरियों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील है स्वास्थ्य के मामले में लोगों की भागीदारी और जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति का गठन किया जायेगा। जिसमें नागरिकों, चिकित्सकों, नगर निगम अधिकारियों व अन्य विभागों के अधिकारियों को भी सदस्य बनाया जाएगा।

## विदेश भेजने के नाम पर 6 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव भांभरहेड़ी से एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसमें विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, गाली-गलौज, अपहरण की धमकी और झूठे केस में फंसाने की साजिश रचने के आरोप हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा ने जांच की और दोषी पाए जाने पर मूनक थाने में केस दर्ज किया गया। पीड़ित बलवान सिंह पैरालिसिस से पीड़ित हैं। शिकायतकर्ता बलवान सिंह ने बताया कि पानीपत जिले के गांव निम्ब्री निवासी परविंद्र सिंह ने उनके भतीजे प्रिंस हुड्डा को विदेश भेजने का झांसा दिया। इसके बदले उसने बीती 29 अगस्त को प्रिंस का पासपोर्ट और 1 लाख रुपए का चेक ले लिया। परविंद्र ने वादा किया कि 10 से 15 दिनों के अंदर विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। कुछ दिनों बाद 5 सितंबर 2024 को परविंद्र सिंह ने फिर से फोन कर कहा कि अगर प्रिंस हुड्डा के साथ हर्ष नामक युवक को भी विदेश भेजना है तो उसके दस्तावेज और 5 लाख रुपए तैयार रखें। उसने भरोसा दिलाया कि दोनों को एक साथ विदेश भेजा जाएगा। इसके बाद बलवान सिंह ने 6 सितंबर 2024 को पीएनबी बैंक पाढ़ा से 5 लाख रुपए निकाल लिए।

## निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की रहेगी पैनी निगाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहें। इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए।
जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल रखेंगे। इन चुनावों से सम्बन्धित अधिकारी अधिक से अधिक मतदान केन्द्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लडने.वाले उम्मीदवारों, उनके प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी निगरानी बनाए रखें। इस चुनाव के पूरा होने तक राज्य

**निगरानी**

**⏩ नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी निगरानी बनाए रखें**

चुनाव आयोग को प्रतिदिन जब्त की कार्रवाई की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, भगोड़े, घोषित अपराधियों, पैरोल, फरलो पर आए लोगों, पूर्व दोषियों आदि की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखें, साथ ही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऑब्जर्वर्स ने चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनता से मिलने का समय और स्थान तय कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि ईवीएम ठीक प्रकार से वितरित हो गई हैं, साथ ही मतदाताओं और आम जनता में विश्वास पैदा करने के लिए मतदान केंद्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन 2 मार्च को यह सुनिश्चित करवाएं कि उम्मीदवारों या उनके मतदान एजेंटों की उपस्थिति में समय पर मॉक पोल हो और मॉक पोल के दौरान डाले गए मतों को मशीन से साफ करने के बाद ईवीएम को शून्य से शुरू करें तथा मतदान और मतगणना के दिन सभी रिपोर्ट समय पर आयोग के पास भिजवाना सुनिश्चित करें।

## महाशिवरात्रि के मौके पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**महाशिवरात्रि** के मौके पर असंध रोड स्थित भगतसिंह मार्किट फिगर फिट जिम के बाहर पानीपत युवा संगठन एवं बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन पानीपत के प्रधान सचिन शशि कपूर व रमेश यादव उर्फ शेरू उस्ताद द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को हलवे का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर शहरी विधायक के सुपुत्र राहुल विज व अनिल मदान पार्षद प्रत्यशी वार्ड-23 ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। राहुल विज ने कहा



कि महाशिवरात्रि, महादेव की कृपा पाने के सबसे बड़ा और शुभ अवसर है। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से न केवल सुख-समृद्धि की प्राप्ति बल्कि व्यक्ति के बड़े से बड़े दुखों का भी अंत होता है। शशि कपूर व शेरू उस्ताद ने बताया कि शिव भगत महाशिवरात्रि के मोके पर व्रत रखते हैं। इस दिन शिवालय जाकर शिवलिंग पर गंगाजल और गाय का दूध अर्पित करते है।

## साइबर फ्रॉड के तीन आरोपी वाराणसी से किए गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने तीन आरोपियों को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि हरि नगर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि पांच फरवरी को क्रेडिट कार्ड से 17 लाख 985 रुपए ठग लिए। शिकायत में बताया कि उसके पास एक ठग का फोन आया और ठग ने शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड की लिमिट को बढ़ाने की बात कही। ठग ने वीडियो कॉल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड की डिटेल ले ली।

## दिल्ली के लिए शैक्षणिक यात्रा का सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
आई.बी. पी.जी. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दिल्ली के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को भारत की ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना था। यात्रा की शुरूआत कॉलेज परिसर से हुई, जहां प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक और राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा उनके शैक्षणिक अनुभव को



और समृद्ध करेगी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि, "छात्रों के समग्र विकास के लिए इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं बहुत आवश्यक हैं। इतिहास और राजनीति को सिर्फ पुस्तकों में पढ़ने के बजाय उन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने से छात्रों की सोचने और विश्लेषण करने की क्षमता का विकास होता है। कॉलेज प्रशासन हमेशा ऐसे शैक्षणिक प्रयासों को प्रोत्साहित करेगा।" यात्रा के दौरान छात्रों ने लाल किला, इंडिया गेट, राष्ट्रीय संग्रहालय और अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। लाल किले में छात्रों ने मुगलकालीन इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इंडिया गेट पर उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और वहां के राष्ट्रीय महत्व को समझा। राष्ट्रीय संग्रहालय में छात्रों ने भारत की प्राचीन सभ्यता, कला और संस्कृति की झलक देखी, जबकि अक्षरधाम मंदिर में भारतीय स्थापत्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का अनुभव किया। विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान ने कहा कि, "कक्षा में पढ़ाए जाने वाले सिद्धांतों को वास्तविक जीवन में समझने के लिए इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## गुरू नानक खालसा कॉलेज में हुआ राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गुरू नानक खालसा कॉलेज में गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और बलिदान विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अम्बाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, यमुनानगर, कैथल, असंध, निसिंग तथा अन्य स्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान उनकी शिक्षाओं पर सुन्दर तथा ओजस्वी भाषण दिए।
सर्वप्रथम ट्रस्ट के चेयरमैन और पूर्व प्राचार्य प्रो. एसएस बरगोटा ने कहा कि ट्रस्ट गुरु तेग बहादुर जी



के दिखाए मार्ग पर चलते हुए विभिन्न स्कूल एवं कालेजों के होनहार और जरूरतमत विद्यार्थियों की सहायता करते हुए उनकी फीस तथा पुस्तकें उपलब्ध करवाता है। इस बार भी उन्होंने 66 हजार रुपये से विधार्थियों की सहयता की है। मुख्य अतिथि सागा म्युजिक कम्पनी के चेयरमैन सरदार गुरबक्श सिंह मनचंदा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप सिंह सोढी लुधियाना वाले रहे। कालेज प्रबन्धन समिति के महासचिव स. सुरिन्द्रपाल सिंह पसरीचा तथा प्राचार्य प्रो. शशि मदान मे कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।
संभाषण प्रतियोगिता में एसडी

**ओजस्वी**

**⏩ छात्र-छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान उनकी शिक्षाओं पर सुन्दर तथा ओजस्वी भाषण दिए।**

कालेज पानीपत के छात्र वंश ने पहला पुरस्कार जीता, एसडी कॉलेज अम्बाला कैन्ट की छात्रा एलिश ने दूसरा तथा केवीए डीएवी कालेज करनाल की छात्रा तान्या शर्मा ने तीसरा पुरस्कार जीता। माता सुन्दरी कालेज निसिंग, एमएलएन कॉलेज यमुनानगर तथा डीएवी बीएड कालेज को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। एसडी कॉलेज पानीपत को ओवरआल गुरु तेग ट्रॉफी रनिंग ट्राफी प्रदान की गई। 3100 रुपये का प्रथम, 2100 रुपये दूसरा तथा 1500 रुपये का तीसरा पुरस्कार प्रदान किए तथा साथ ही भाग लेने वाले सभी 27 प्रतिभागियों को 1000 रुपये पुरस्कार दिए गए।
मंच का संचालन कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा एस.के गोयल ने किया, जबकि ट्रस्ट के महासचिव स. इन्द्रजीत सिंह दुआ ने उनका सहयोग किया। हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के पूर्व डिप्टी चेयरमैन डा.नरेन्द्र सिंह विर्क, अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. अशोक भाटिया तथा हैड ग्रन्थी स. अमृतपाल सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## विधायक ने जीटी रोड के चौड़ीकरण के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**दिशा-निर्देश**

**⏩ सड़क का का जीणोर्धार बेहतर तरीके से हो इस हेतु अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड के चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है ,बीते बुधवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने एन एच ए आई के



अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कियो विधायक ने इस दौरान सड़क किनारे बन रहे नालो के पॉइंट को ठीक तरह से बनाने के निर्देश दिए` विज ने कहा की जीटी रोड के चौड़ी करण से शहर वासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी एवं आवागमन में समय भी कम लगेगा ` सड़क का का जीणोर्धार बेहतर तरीके से हो इस हेतु अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है।

# भटियात में खुलेगी स्किल यूनिवर्सिटी: विधानसभा अध्यक्ष

**सुविधा**

**चुवाड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बीएससी कंप्यूटर साइंस की मिलेगी सुविधा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में एक स्किल यूनिवर्सिटी खोली जाना प्रस्तावित है। उन्होंने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुवाड़ी में अगले शैक्षणिक सत्र से बीएससी कंप्यूटर साइंस संकाय शुरू करने की भी घोषणा की। वह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने इससे पहले महाविद्यालय परिसर में 27 लाख की राशि से निर्मित होने वाले सांस्कृतिक मंच तथा वनस्पति उद्यान के निर्माण कार्यों की आधारशिला भी रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कॉलेजियन विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के साथ-साथ रोजगार सृजन के बेहतर विकल्प उपलब्ध करवाने के लिए भटियात विधानसभा क्षेत्र में एक स्किल यूनिवर्सिटी खोलने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसकी रूपरेखा से संबंधित जानकारी जल्दी सामने रखी जाएगी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि स्किल यूनिवर्सिटी के यहां शुरू होने से सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चुवाड़ी नगर पंचायत एवं साथ लगते क्षेत्रों में सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के लिए के लिए अगले 25 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पेयजल योजनाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चुवाड़ी कस्बे में प्रस्तावित मल्टी खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य को भी जल्द शुरू किया जाएगा। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति तथा सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष अधिमान दिया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने महाविद्यालय के सीएससीए सदस्यों की मांग पर गर्ल कॉमन रूम में फर्नीचर के लिए सात लाख की राशि उपलब्ध करवाने की घोषणा करने के साथ जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को महाविद्यालय परिसर में अतिरिक्त जल की सुविधा के लिए स्थापित हैंड पंप को विद्युत व्यवस्था से संचालित करने के भी निर्देश दिए। इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। कुलदीप सिंह पठानिया का समारोह में पधारने पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किये। प्राचार्य डॉ. पीएल भाटिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस दौरान आकर्षक पहाड़ी, हिंदी, पंजाबी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। एसडीएम पारस अग्रवाल, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाढक, सचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजीव कौशल, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज राठौर, जल शक्ति राकेश ठाकुर, लोक निर्माण नरेन्द्र चौधरी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# 16.8 ग्राम चिट्टे के साथ एक महिला व एक व्यक्ति गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला पुलिस ने पिछले डेढ़ महीने में करीब 50 से अधिक नशा तस्करों की धर पकड़ की है जिन्हें सलाखों के पीछे धकेला गया है। इसी कड़ी में पांवटा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक महिला व पुरुष नशा तस्करों को धर दबोचा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि पांवटा साहिब के देवी नगर के वार्ड नंबर 10 की रहने वाली पिंकी पत्नी दीप राम उर्फ दीपू घर में ही नशे का कारोबार करती है। जिसके चलते पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिंकी के घर छापेमारी की और घर से 8 . 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया। एक अन्य मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सनवर अली उर्फ अख्तर अली कुंजा ढकरानी विकासनगर उत्तरांचल के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पांवटा साहिब मानवेन्द्र ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक महिला और एक पुरुष को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार नशा तस्करों की धर पकड़ कर रही है और उन्हें किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जा रहा है। मानवेंद्र ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने दोनों मामलों में गिरफ्तारियां दी है और मामला दर्ज कर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दोनों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**न्यूज फ्लैश**

## हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति 8 मार्च को नशे के खिलाफ करेंगे कार्यक्रम : प्रोमिला बसु

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति बिलासपुर इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष प्रो. केएस धीर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवा बचाओ अभियान, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति ने नशे से लगातार हो रही मौतों पर चिंता जताई और सरकार से इसे रोकने के लिए ठोस नीति बनाने का आहवान किया। समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने नारकोटिक्स एवं पुलिस प्रशासन की लगातार नशे के खिलाफ कार्यवाही करने और नशा तस्करों को पकड? के लिए सराहना की। लेकिन सप्लाई चेन पर प्रहार के साथ.साथ अगर नशे की मांग को कम करने के प्रयास न किए गए तो यह मुहिम अधूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज को सचेत होना बहुत जरूरी है। पुंडीर ने कहा कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलों में महिलाओ की लामबंदी करेगी। इस दौरान दवा विक्रेताओं व बाजार, व्यापार मण्डल और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से भी अपील की जाएगी कि वे नशे को रोकने में सहयोग करें। बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी ऐसी दवा न बेचे जिससे नशा होता हो। पान.मसाला की दुकानों से भी अपील की जाएगी। प्रो. धीर ने कहा कि खिवरात्रि के इस त्यौहार को नशे से न जोडकर इसे सांस्कृतिक स्वरूप मनाएं। समिति की सह सचिव एवं जिला परिषद सदस्य प्रोमिला बसु ने चिट्टा तस्करी में सरकारी अधिकारियोंए डॉक्टरोंए कर्मचारियों की संलिप्तता होने पर भी चिंता जताई। प्रोमिला ने कहा कि इस गंभीर मामाले से जुड़ी हर कड़ी की गहन जांच होनी चाहिए। सेवानिवृत बैंक मेनेजर एवं समिति सदस्य मनसा राम ने कहा कि जिन संस्थाओं और लोगों पर समाज को नशे से बचाने की जिम्मेदारी है। उसी विभाग के अधिकारी अगर नशा तस्करी में लिप्त हो जाएं तो सरकार और प्रशासन को इसें गंभीरता से लेना चाहिए। क्योंकि जो सामाजिक संस्थाएं और पंचायतें नशा रोकने के लिए आगे आ रही हैं वे ऐसी घटनाओं से हतोत्साहित होंगी। सेवानिवृत अधिकारी लेख राम सेन ने कहा कि सरकार को नशे के खात्मे के लिए एक समग्र और कारगर नीति बनानी होगी अन्यथा जिस प्रकार आज चिट्टा सबकी चिंता का विषय है कल कोई और नशा इसका विकल्प हो जाएगा।

सेवानिवृत सह निदेशक शिक्षा सुशील पुंडीर ने कहा कि सरकार को जन प्रतिनिधियों, नागरिक तथा सामुदायिक संगठनों को शामिल करते हुए नशे खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। समिति के राज्य सह सचिव सीता राम ठाकुर ने नार्कोटिक्स एवं पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जिला और प्रदेश की पुलिस नशे के खिलाफ जोरदार तरीके से प्रहार कर रही है और नशा तस्करों के गिरोहों का पदार्फाश कर रही है।

रेडक्रॉस सचिव अमित ने कहा कि नीमहँस जैसे संस्थान से परामर्श में कोर्स करवाकर काउंसलिंग करने तथा गुणात्मक नशामुक्ति केन्द्रों को संचालित करने का सुझाव दिया।

## चौहार घाटी में आवारा कुत्तों का आतंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** चौहार घाटी के गांवों में आवारा कुतों ने इस कद्र आतंक मचाया है कि लोगों के पशुधन को मार कर अपना निवाला बना रहा है । लोगों की तरफ यह आवारा कुते झपटते हुए हमला बोल रहे हैं जिस कारण लोग खौफ के साय में जी रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों झरवाड गांव के सर्वदयाल की एक भेडू को आवारा कुतों ने हमला कर अपना निवाला बना?ा। जिस कारण एक बेजुबान पालतू भेडू जान जाने के साथ सर्वदयाल का लगभग बीस हजार का नुक्सान हो गया।कुछ दिन पहले आवारा कुतों ने बिलखी राम की एक बकरी को मार दिया ओर एक बकरी को घायल कर दिया। आवारा कुतों के आंतक से लोगों में भारी खौफ है। सर्वदयाल तथा बिलखी राम सहित झरवाड़ गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुतों के आतंक से लोगों को निजात दिलाई जाए

## सांगला में रक्छम के सौन्दर्यकरण के लिए व्यय किए जाएंगे 5 करोड़ रुपये: आर.एस.बाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली ने कहा है कि राज्य सरकार सांगला घाटी के रक्छम गांव में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए 5 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि किन्नौर की सांगला घाटी में प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने 5 करोड़ रुपये की विकास परियोजना तैयार की है। इस परियोजना के तहत रक्छम के साथ-साथ बटसेरी और खरोगला में रास्तों की मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र में शौचालय, वॉचमैन हट, वुडन हट और वॉच टावर जैसी सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सांगला से देबर कांडा होते हुए सांगला कांडा तक ट्रॉली आधारित ट्रेल भी विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।रघुबीर सिंह बाली ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षता से समर्पित प्रयास कर रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना को विकसित करने में धन की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश भर में आवश्यक पर्यटन बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है।

# उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की बावा भूतनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी अपूर्व देवगन ने सपरिवार व गणमान्य लोगों के साथ राज देवता माधव राय के प्रांगण में पारम्परिक शिवरात्रि महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने टारना स्थित मां श्यामा काली मंदिर में शीश नवाया तथा बड़ा देव कमरूनाग जी की पूर्जा-अर्चना की और जिलावासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने देवता राज माधव राय के मंदिर में पूजा अर्चना की। उपायुक्त ने बावा भूतनाथ मंदिर में भी पूर्जा अर्चना की तथा हवन यज्ञ में भी शामिल हुए। वह राज माधव मंदिर से बावा भूतनाथ के लिए निकली लघु जलेब में शामिल हुए। पुलिस की टुकड़ी, होमगार्ड बैंड और मंडी जनपद के राज देवताओं के साथ भूतनाथ मंदिर तक लघु जलेब के माध्यम से बावा भूतनाथ को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर विरेंद्र भट्ट एवं पार्षदगण, सर्व देवता समाज समिति के प्रधान शिव पाल शर्मा व समिति के अन्य प्रतिनिधि, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी डॉ0 मदन कुमार, एसडीएम ओम कांत ठाकुर, सहित अन्य अधिकारी तथा नगरवासी उपस्थित रहे। अपूर्व देवगन ने सभी लोगों को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मंडी के अंतरराष्ट्रीय मेले में पधारने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि मंडी शिवरात्रि को हम विशेष तौर से देव संस्कृति और यहां की समृद्ध परंपराओं को प्रमुखता देते हुए मना रहे हैं। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के इस आयोजन में देवी-देवताओं, उनसे जुड़ी पवित्र परंपराओं और समृद्ध देव संस्कृति से आम जनता को जोड? पर खास जोर रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देव आस्था का यह महा समागम देव संस्कृति को और मजबूती देने में सहायक हो । युवा पीढ़ी का इससे जुड़ाव और गहरा हो। इसके लिए सभी परंपराओं का पूरी श्रद्धा से निर्वहन करते हुए इनमें जनता की भागीदारी तय बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

# शिशु रोग विशेषज्ञ डा. सतीश शर्मा को मातृ शोक

**आकस्मिक निधन**

**सतीश शर्मा के माता श्रीमति कला देवी आयु करीब 90 साल का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बिलासपुर जिला के सुप्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डा. सतीश शर्मा के माता श्रीमति कला देवी आयु करीब 90 साल का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इस निधन पर स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा कैबिनेट मंत्री राजेश धमार्णी, विधायक त्रिलोक जंवाल, विधायक रणधीर शर्मा, विधायक जेआर कटवाल, सुभाष ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, तिलक राज शर्मा, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, राम लाल ठाकुर, बाबू राम गौतम, कश्मीर सिंह ठाकुर, पूर्व पीसीसी महासचिव विवेक कुमार, स्वदेश ठाकुर, रूप लाल ठाकुर, एसआईवीटी चेयरमैन दिनेश भुट्टो, एमडी सतीश शर्मा, बिलासपुर व्यापार मंडल प्रधान नरेंद्र पंडित, महासचिव तरूण टाडू, प्रमोद पटियाल, हेमंत शर्मा, सुरेंद्र नड्डा, अनीश ठाकुर, आशुतोष शर्मा आदि ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है। गौर हो कि डा. सतीश शर्मा 28 फरवरी को सरकारी सेवा से सेवानिवृत होने वाले हैं, इस कारण उनके द्वारा रखा गया सेवानिवृति का आयोजन कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

## शिवरात्रि मनाने चूड़धार जा रहे श्रद्धालुओं को पुलिस ने भेजा वापिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन:** प्रसाशनिक रोक के बावजूद भी श्रदालु चुडधार की यात्रा पर निकल रहे है। शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर आज बाहरी राज्यों से भारी संख्या में श्रदालु चुडधार की यात्रा के निकल रहे थे। जिन्हे नौहराधार पुलिस ने रोक लिया। यह लोग काफी उपर निकल गए थे जिन्हे पुलिस के जवानो ने रोक लिया व वापस नौहराधार लाया गया। हालांकि कुछ लोग रात को निकल गए है जिन्हे पुलिस विभाग ट्रेस कर रही है। बता दे की इस समय चुडधार में काफी बर्फ जमी है और अभी मौसम भी खराब है ऐसे में जाना जोखिमपूर्ण है इसलिए प्रसाशन सुबह से ही अलर्ट में दिख रहे है।

# महिला मंडल बुराल ने उपायुक्त से की भवन निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** महिला मंडल लक्ष्मी बुराल का एक प्रतिनिधिमंडल हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चन्देल की अध्यक्षता में उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक से मिला । इस दौरान सीडब्ल्यूसी की चेयरमैन तृप्ता ठाकुर भी उपस्थित रहीं । प्रतिनिधि मंडल ने महिला मंडल लक्ष्मी बुराल के भवन निर्माण हेतु आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि महिला मंडल के नाम 2 बिस्वा भूमि हस्तांतरित हो चुकी है।उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां वे विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जागरूकता संबंधी गतिविधियों का संचालन कर सकेंगी। इसके लिए एक छोटे से भवन की नितांत आवश्यकता है।

उन्होंने आग्रह किया कि शीघ्र महिला मंडल लक्ष्मी बुराल के लिए राशि उपलब्ध करवाई जाए। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इस विषय पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।सीडब्ल्यूसी की अध्यक्षा तृप्ता ठाकुर ने भी महिला मंडल की मांग को उचित बताया और कहा कि महिलाओं के सामूहिक विकास के लिए इस तरह के बुनियादी ढांचे की जरूरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मामले को लेकर अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखेंगी।इस प्रतिनिधि मंडल में ठाकुर, रक्षा देवी, बबली देवी, हरदेई, नवरातु देवी, कृष्णि देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, अर्चना कुमारी,मीरा देवी, कांता देवी, निक्की देवी, शकुंतला देवी, शीतला देवी, लीला देवी, रूपा देवी,क्लासी देवी, कल्पना, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी व दिला देवी मौजूद थीं।

# वीपीएस में अध्यापकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहड़ाला में बुधवार को अध्यापकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में डीएवी स्कूल फिल्लौर के प्रधानाचार्य योगेश गंभीर व उनके सहयोगी आशीष कुमार ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क का उद्देश्य बारे बताया। योगेश गंभीर ने शिक्षकों से कहा कि सर्वप्रथम वे स्वयं खुश रहें और अपने क्लासरूम को हैप्पी बनाएं। उन्होंने कहा कि आपके पास गतिविधियों के लिए अलग-अलग विचार होने चाहिए। अपनी कक्षा को चिंतनशील बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आपसे पढ़ाए गए विषय पर अधिक से अधिक प्रश्न करें, ताकि वे विषय को गहराई से समझ सकें। जो विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके लिए रिमेडियल टीचिंग की अलग से योजना बनाई जाए। उन्होंने शिक्षकों से तरह-तरह की गतिविधियां करवाईं, जिससे अध्यापकों को बहुत -सी नई चीजें सीखनें को मिली। छात्रों को केवल रटने के बजाय वास्तविक परिस्थितियों में प्रयोग और अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर मिलता है। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि यह प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों के लिए उपयोगी रहेगा। वह आगामी सत्र में अपनी शिक्षण रणनीति में बदलाव कर विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान कर सकेंगे।

# जयकारों से गूंजे शिवालय..................बिल पत्र, भांग, धतुरे से हुआ शिवलिंगों का पूजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** शिवरात्रि के पर्व पर बुधवार को जिला ऊना भोले के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जिला के दर्जनों मंदिरों में हजारों की तादाद में भक्तों ने माथा टेका। सुबह से ही जिला के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड?ी शुरू हो गई। वहीं ऊना के प्रमुख नौ ऐतिहासिक शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का खूब जनसैलाब उमड़ा। हर कोई भोले के गुणगान रहा था। बम बम भोले के उद्घोषों से शिवालय गूंज उठे। जिला में स्थित नौ ऐतिहासिक शिव मंदिरों में गुरु द्रोणाचार्य की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध गगरेट के शिवबाड़ी, बाबा गरीब नाथ मंदिर कोलका, चताड़ा में बनौड़े महादेव व अर्द्धनारीश्वर, तलमेहड़ा स्थित सदाशिव ध्यूंसर महादेव, बडूही में नीलकंठ महादेव, बंगाणा के चौमुखा महादेव, अरलू के सांडा महादेव व महादेव मंदिर कोटला कलां में सुबह भौर फूटने से पहले श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगना शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंगों का जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की। शिवजी की पावन पिंडियों को पंचामृत स्नान करवाया गया। मंदिरों में दिनभर स्थानीय व पंजाब के कई भजन गायक मंडलियों ने भगवान भोले की महिमा का गुणगान किया। मंदिरों में उपवास धारी शिव भक्तों के लिए फलाहार की विशेष व्यवस्था मंदिर आयोजन समीति की ओर से की गई थी। वहीं जिला के अन्य स्थानों पर भी शिवरात्रि की धूम रही। ऊना के बनौड़े महादेव मंदिर चताड़ा में भी भक्तों का खूब हूजुम उमड़ा। सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने माथा टेका और भोले का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंदिर में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर व्रतधारियों के लिए विशेष फलाहार का आयोजन किया गया। गगरेट के प्रसिद्ध शिवबाड़ी मंदिर में शिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लाइनें लगना शुरू हो गई, जो देर शाम तक चलती रहीं। सैंकडों भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और भोले का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मंदिर में व्रतधारियों के लिए विशेष फलाहार का आयोजन भी किया गया था। उपमंडल बंगाणा के तलमेहड़ा स्थित सदाशिव ध्यूंसर महादेव मंदिर में भी हजारों भक्तों ने माथा टेका। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड?ी शुरू हो गई। सदाशिव मंदिर जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से शिवजी का जलाभिषेक किया। शिवजी का भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, दही, शक्कर, चने, बिलपत्र, फूल, फल, भांग व जल अर्पित कर शिव भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। सदाशिव मंदिर ट्रस्टी के प्रधान प्रवीण शर्मा ने बताया कि मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए हर सुविधाएं प्रदान कर रखी थी। उन्होंने सभी को शिवरात्रि पर्व की बधाई भी दी। गांव डंगोह खास में मंदिर कमेटी द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव विवाह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झंगम भक्तों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां देते हुए भक्तों का मन मोह लिया।

**भक्तों ने ग्रहण किया घोटे का प्रसाद**

महाशिवरात्रि के पर्व पर जिला के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों के लिए प्रसाद के तौर जहां फल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं भोले प्रिय घोटे को भी प्रसाद के तौर पर दिया गया। कई श्रद्धालुओं ने घोटे का प्रसाद लिया। शिवरात्रि पर्व पर कई श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह लंगर की व्यवस्था भी गई। बहुत से शिव भक्तों ने व्रत रखा हुआ था एवं पूरा दिन फलाहार खाकर शिवरात्रि का पर्व मनाया।

# खिलाड़ियों का अद्वितीय समर्पण, अथक परिश्रम और अटूट उत्साह देखने योग्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आध्यात्मिक शांति और खेल भावना के दिव्य संगम को साकार करते हुए 25 वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजत जयंती) का भव्य शुभारम्भ आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हुआ। इस शुभ अवसर पर परम वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी ने समारोह का विधिवत उदघाटन कर इस आयोजन को और अधिक प्रेरणास्पद बना दिया। 26 फरवरी से 12 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित और रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 24



सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुई जिनमें पंजाब,जम्मू,हिमाचल प्रदेश, हरियाणा,दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात इत्यादि राज्य प्रमुख है। इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों का अद्वितीय समर्पण, अथक परिश्रम और अटूट उत्साह देखने योग्य है जो श्रद्धालुओं को रोमांच से भर देगा। सतगुरु माता जी के निदेर्शानुसार इस भव्य आयोजन का संचालन जोगिंदर सुखीजा सचिव, संत निरंकारी मंडल के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि टूर्नामेंट के प्रति युवाओं में गहरी उत्सुकता देखी जा रही है और बड़ी संख्या में पंजीकरण भी

**एकता का संदेश**

**अपितु एकता, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का भी दिव्य संदेश प्रदर्शित हो रहा है**

हुए है। निसंदेह इस आयोजन के माध्यम से न केवल खेल कौशल को बढ़ावा मिल रहा है अपितु एकता, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का भी दिव्य संदेश प्रदर्शित हो रहा है। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की स्थापना बाबा हरदेव सिंह जी ने बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में की। बाबा गुरबचन सिंह जी ने सदैव युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित किया, ताकि उनकी ऊर्जा को सार्थक दिशा देकर समाज एवं राष्ट्र के उत्कर्ष में एक सकारात्मक योगदान दिया जा सके। सतगुरु माता जी ने खेलों के प्रति खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने आशीष वचनों में कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सौहार्द, सम्मान और टीम वर्क का दिव्य संदेश देता है। इस वर्ष 24 टीमों की भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि आपसी तालमेल और अपनत्व की भावना कैसे सभी को एकजुट कर सकती है। प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला कि खिलाड़ी जीत-हार से परे, भाईचारे और समर्पण की भावना से खेल का आनंद ले रहे है।

# महाशिवरात्रि के महापर्व पर जन सहयोग संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**महादन**

**जिसमें 42 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व 29 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री राजपूत चौहान धर्मशाला में एक रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 42 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व 29 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे सामाजिक कार्य किये जाते है जिस से बहुत से जरूरतमंद लोगों की मदद होती



है। संस्था सदस्य मिथुन समाना ने बताया कि 1 यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है और रक्तदान करने से शरीर मे किसी तरह की कोई कमजोरी भी नही आती। संस्था उपाध्यक्ष नितेश मंगल ने बताया कि संस्था सिविल हॉस्पिटल में भी मरीजों की सहायता करती है व उनके लिए दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाती है । संस्था की तरफ से रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया व उनको सर्टिफिकेट दे कर उनको सम्मानित किया। शिविर में मुख्य रू
प से ब्रह्मकुमारी राधा बहन जी पहुंचे व संस्था की तरफ से सतीश कत्याल,अनु,सीमा,डिम्पल, सतबीर, विपिन शर्मा,नितेश लाला, मास्टर जितेंद्र, मिथुन समाना आदि सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अम्बाला शहर व छावनी में धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी:** महाशिवरात्रि के पर्व पर आज जिलेभर के मंदिरो में श्रद्धालुओं की भीड भगवान शिव के दर्शनो के लिए उमडी। श्रद्धालु सुबह ही मंदिरो में शिवलिंग पर जल व दूध चढाने के लिए पहुंचने शुरू हो गये थे। शिवालयों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी रही। बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंज रहे हैं। अंबाला छावनी के हाथीखाना मंदिर में आज लोगो ने श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर माथा टेका। इस अवसर पर सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगनी शुरू हो गयी थी। मंदिर के महंत मनमोहन दास ने बताया कि यह मंदिर 1844 से है। यहां लोगो की आस्था जुडी हुई है। शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां माथा टेकने आते हैं। आज भी श्रद्धालुओं की भारी भीड लगी हुई थी। पुलिस सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये हुए थे। अंबाला छावनी महेश नगर, ब्रहमकुमारी द्वारा श्रद्धालुओ के लिए प्रदर्शनी लगायी गयी थी। इस पावन पर्व को लेकर मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शिवालयों में शिव भक्त पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक करने के साथ-साथ बिल्व-पत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। कई शिवालयों में फलाहार के लंगर भी लगाए गए ।अर्धनारीश्वर मूर्ति आकर्षण का केंद्र-हाथी खाना मंदिर में विराजमान 40 फीट ऊंची अर्धनारीश्वर की मूर्ति मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां अंबाला ही नहीं, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से भी शिव भक्त यहां दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। यहां शिवलिंग का जलाभिषेक करने से सभी की मनोकामनाएं पूरी होती है।

### केयूके स्टार बनी केयू टी-20 प्रतियोगिता की चैम्पियन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को केयू गैर शिक्षक कर्मचारियों के तीसरे अनौपचारिक टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केयूके स्टार ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए दूसरी बार प्रतियोगिता के चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। मैच में टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। केयूके स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए जिसमें जोनी वत्स ने 4 छक्के व 1 चौके के साथ सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास, अंशुल शर्मा, सुशील यादव व कप्तान हरीश गैरोला ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिछली बार की चैम्पियन स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने 7 चौके व 2 गगनचुंबी छक्के लगाकर सर्वाधिक 67 रन बनाए लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका ज्यादा साथ नहीं दे पाए और पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। मैच में शमशेर चौहान व कप्तान अरविन्द शर्मा ने 2-2 विकेट तथा कपिल थापा व दीपक थापा ने 1-1 विकेट लिया। मैच में अंपायर की भूमिका अजय यादव व पवन शर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि क्रिकेटर एवं कुवि के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने खेल गतिविधियों में सहयोग के लिए स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह का आभार जताते हुए कहा कि खेल से न केवल मानव मन बल्कि उसका तन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा अनुशासन एवं सद्भावना के साथ खेली गई प्रतियोगिता के लिए सभी की प्रशंसा करते हुए चैम्पियन टीम के कप्तान अरविन्द श्रीवास्तव व पूरी टीम को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। इसके साथ मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उपकप्तान शमशेर चौहान को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।
**अंशुल शर्मा बने मैन ऑफ द सीरीज:** प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए स्पार्टन टीम के अंशुल शर्मा को मैन ऑफ द सीरिज के साथ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा कप्तान हरीश गैरोला को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के लिए ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के 14 मैचों में 431 चौके व 87 छक्के लगे जिसमें राहुल धीमान व अंशुल शर्मा ने सर्वाधिक 16-16 छक्के लगाए। वहीं 47 चौके अंशुल शर्मा व 31 चौके विजय जांगड़ा ने लगाए।

# गांव शरीफगढ़ का सरकारी स्कूल प्रथम स्थान पर रहा

**सम्मान**

**स्कूल कार्य में सहयोग व दान दिया उनको समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने की खुशी में गांव शरीफगढ़ कुरुक्षेत्र के शहीद अंग्रेज सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ़ की प्रधानाचार्या श्रीमती तनुपम शर्मा



ओर पूरे स्टाफ ने स्कूल सौंदर्यीकरण हेतू गांव के मुखिया सरपंच सुखविंदर सिंह शरीफगढ़, मछरौली सरपंच जोरावर सिंह, बकाना सरपंच काका जी, समाजसेवी डॉक्टर गुरमीत सिंह, विक्रम टिवाना,सरदार प्रगटपाल सिंह, गुरमेल सिंह, पुष्पिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह ओर अन्य गणमान्य व्यक्ति जिन्होंने ने भी तन मन धन से स्कूल कार्य में सहयोग व दान दिया उनको समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया ओर सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्कूल में जितने भी कार्य किए उनसे जुड़ी सभी जानकारी सांझी की। शरीफगढ़ सरपंच सुखविंदर सिंह ने पूरी पंचायत के माध्यम से धन्यवाद किया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार से स्कूल कार्य के लिए हमेशा सेवा में तत्पर रहने का वादा किया । स्कूल स्टाफ की तरफ से सोमदत्त ,नसीब ,साहिब

# हाईटेंशन टावर पर युवक चढ़ा, बाल-बाल बची जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के टावर पर युवक चढ़ गया। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंची। जहां तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को टॉवर से नीचे उतारा। युवक मानसिक रोगी बताया जा रहा है। हालांकि बिजली लाइन में करंट न होने के चलते उसकी जान बच गई। युवक का नशे का आदि भी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्याऊ मनियारी के पास हाईटेंशन टावर पर युवक चढ़ा हुआ है। टीम मौके पर पहुंची। जहां टावर पर चढ़ा युवक चिल्ला रहा था। पुलिस टीम व फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा गया। मौके पर युवक के परिजनों को बुलाया गया। जिन्होंने बताया कि वह नशे की लत का शिकार है, जिसके चलते उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। उसकी 40 साल की उम्र के बावजूद शादी नहीं हुई, जिससे वह मानसिक रूप परेशान रहता है।

# नप चेयरमैन पद के प्रत्याशी चुनाव में कर सकते है 20 लाख तक खर्च:नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार नगर परिषद के चेयरमैन पद के प्रत्याशी चुनावों में 20 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है। इस राशि का हिसाब किताब रखने के लिए बकायदा रिकॉर्ड रखना होगा ताकि किसी भी समय इस रिकॉर्ड में दर्ज किए गए खर्चे का मिलान प्रशासन की टीमों द्वारा किया जा सके। इसी तरह नगरपालिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनावों में 12.50 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निकाय के चुनावों में सभी प्रत्याशियों के खर्चों पर प्रशासनिक टीमों द्वारा पैनी निगाहें रखी जाएंगी। इसके लिए बकायदा टीमों का गठन किया गया है। इन चुनावों में जहां नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 20 लाख रुपए तक चुनावी खर्च कर सकेंगे, वहीं नगर परिषद पार्षद पद के लिए नगर परिषद चुनावी खर्च की सीमा 4.50 लाख रुपए रखी गई है। इसी तरह नगर पालिका में अध्यक्ष पद का प्रत्याशी 12.5लाख और पार्षद 3 लाख रुपए तक का चुनावी खर्च कर सकेगा।

# नरेश कमार जिम्नास्टिक कोच ने टोक्यो जापान में आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नरेश कुमार (टीजीटी शारीरिक शिक्षा) जीएमएस अजराना खुर्द कुरुक्षेत्र ने टोक्यो जापान में आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स इंटरनेशनल जजिज परीक्षा में उपस्थित हुए हैं। इस अवधि के दौरान सभी प्रतिभागियों (15 देश 80 जज) को जापान जिमनास्टिक्स ओलंपिक एसोसिएशन और हाई परफॉरमेंस स्पोर्ट्स नेशनल ट्रेनिंग सेंटर टोक्यो जापान का दौरा करने का अवसर भी मिला। जापान जिमनास्टिक्स ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष



ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। तीनों परीक्षा विशेषज्ञों ने नए जिमनास्टिक्स कोड ऑफ पॉइंट्स में आवश्यक बदलावों के बारे में अच्छी तरह से समझाया व प्रतिभागियों को नए प्रकार के

**स्वागत किया**

**जापान जिमनास्टिक्स ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया**

परीक्षा पैटर्न के बारे में भी मार्गदर्शन किया हैं।
हम भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल 5 जज हैं। महाराष्ट्र से 01 ,पश्चिम बंगाल से 01 ,हरियाणा से 01 , गुजरात से 01 , मध्य प्रदेश से 0। जिम्नास्टिक कोच शामिल रहे ।

### हत्या मामले में और दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए** टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान कर्ण व प्रिंस उर्फ काकू निवासी खटीक बस्ती के रूप में हुई है।
सीआइए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर शाम को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर मधुमिता हॉस्पिटल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी मोहम्मद फैसल, सौरभ, सभीहुद्दीन उर्फ समीर, समुनी अहमद, विजय व सलमान के अतिरिक्त फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

# गोल्ड मैडल जीतने वाले दीपक राविश का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दीपक ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 17 से 21 फरवरी 2025 तक चेन्नई में आयोजित की गई। इस खुशी में आज उनका पथ के साथी फाउंडेशन कुरुक्षेत्र द्वारा फूल मालाएं डालकर व मिठाई बांटकर द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। संस्था के अध्यक्ष प्रोफेसर सुनील थुआ ने बताया की आज विकलांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है । हमें अपनी शारीरिक कमजोरी को ताकत बना कर आगे बढ़ता है। उन्होंने बताया की दीपक हमारी संस्था के सक्रिय सदस्य हैं। डीसी कॉलोनी निवासी



दीपक अब तक राष्ट्रीय स्तर 20 से ज्यादा पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं ।यह प्रतियोगिता चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुई थी। दीपक रवीश डीसी कार्यालय कुरुक्षेत्र में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने एफ 36 कैटेगरी में भाग लिया था। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 14 मीटर शॉटपुट थ्रो किया। अब दीपक इस साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी शुरू करेंगे। इसके लिए अगस्त में ट्रायल में भाग लेंगे।

**भव्य**

**फूल मालाएं डालकर व मिठाई बांटकर द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया**

चैंपियनशिप सितंबर में होगी। इस अवसर पर 200 मीटर रेस में इसी प्रतियोगिता में ब्रोंज मैडल जीतने वाले राहुल सैनी व जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रिंस का भी स्वागत किया गया।
इस अवसर पर संस्था के महासचिव डॉ अंग्रेज सिंह व संस्था के अन्य सदस्य राजेश श्योकंद, राजेश कुमार मन्नू भी उपस्थि रहे।

# पानी की एक बूंद के लिए तरसते रहे मरीज व तीमारदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला** नागरिक अस्पताल में मंगलवार को मरीजों व उनके तीमारदारों सहित स्टाफ को पानी की एक बूंद नसीब नहीं हुई। दिन भर प्यास व अन्य कार्यों में पानी का इस्तेमाल न होने के चलते कार्य रुके रहे। देर शाम बाद वॉल को ठीक करने के बाद पानी की सप्लाई चालू हो सकी। उसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बता दें कि मौजूदा समय में नागरिक अस्पताल में हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या दो हजार से ज्यादा दर्ज की जा रही है। अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए घंटों लाइन में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ता है। मौसम के बदलाव के चलते लंबी लाइनों में लगने के कारण गले सूखने लगते है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन मंगलवार को दिन भर अस्पताल में आने वाले मरीज उनके तीमारदारों सहित अस्पताल स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में दिन भर पानी की समस्या से जूझना पड़ा। पानी सप्लाई करने वाली लाइन की वॉल खराब होने के चलते परेशानी दिन भर रही। देर शाम चार बजे के बाद वॉल ठीक होने पर अस्पताल में पानी मुहैया हो सका।

# महिलाओं को सैनेटरी पैड किए वितरित

**जागरूक किया**

**मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। सभी महिलाओं का प्रयोग करना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** माया चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के सहयोग से बुधवार को गांधी नगर में सेनेटरी पैड वितरण का कार्य किया गया। यह कार्य प्रेम सिंह और उनकी पत्नी सुनीता के सहयोग से किया गया। इस मौके पर माया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा सीमा सिंह, सर्व समाज



कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, प्रदेश प्रवक्ता तरुण कुमार वधवा, आशा वर्कर इंदु, शिमला, मनीषा, रिंपी, रेखा, पिंकी, पार्वती, ममता, ज्योति, आशा व सुनीता मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं को जागरूक करते बताया कि हमें सेनेटरी पैड का कैसे प्रयोग करना है और इसके प्रयोग से हम बीमारियों से बच सकते हैं। डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं व किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। सभी महिलाओं का इसका प्रयोग करना चाहिए।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने महाशिवरात्रि पर लगाया नारियल पानी लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के लिए अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड़ के सहयोग से नारियल पानी का विशाल लंगर लगाया। आज के पावन पवित्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद जय कुमार जी रहे उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा की आपके जीवन में देवो के देव भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। भोलेनाथ आपको व आपके परिवार को सुख, समृद्धि, और सेहत प्रदान करें उन्होंने इस



नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट की टीम को बधाई दी की सेवा ट्रस्ट सामाजिक कार्यो को बढ़चढ़ कर भाग लेता है उन्होंने गाँव साहा में बनने वाले सेवा धाम में भी हर प्रकार की सहायता देने की घोषणा की और कहा की दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए सभी आगे आएं ताकि नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके। आप हमारे साथ मिलकर इन बच्चों के बेहतर जीवन की दिशा में एक कदम बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहां की यह विशेष दिन भगवान शिव की भक्ति, शक्ति और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। भगवान शिव हमें धर्म, सत्य, सदाचार औरआत्मचिंतन का मार्ग दिखाते हैं। भगवान भोलेनाथ आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और आपके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म भूमि है इस भारतभूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर,पैगंबरों ,फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया और समाज को रूढ़ियों,अंधविश्वासो और कुरीतियों से मुक्त करने का प्रयास किया। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर सुमन्त सैनी वह रमेश गुप्ता ने कहा की भगवान भोलेनाथ जी देवों के देव हैं उन्होंने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया समाज की परिकल्पना की जिसमें सभी धर्म, वर्ण, जाति और संप्रदाय के लोग आपस में प्रेमपूर्वक और भाईचारे की भावना से रह सके। जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह योगेश गर्ग ने कहा की देवों के देव महादेव आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें हर संकट दूर करे हम भगवान शिव के दिखाए गए आदर्शों,सिद्धांतों और मार्ग पर चलते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण कर सके।

# महाशिवरात्रि पर आयोजित रुद्राभिषेक में शामिल हुई सीएम रेखा गुप्ता






**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अशोक विहार फेज-दो स्थित बी1/42 पर रुद्राभिषेक में सम्मिलित हुई। सीएम रेखा गुप्ता ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह महापर्व शिव और शक्ति के मिलन का उत्सव है, जो भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति प्रकट करता है। आपको बतादें कि इस अवसर पर सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश का जन्मदिन भी मनाया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। कार्यक्रम में बांसुरी स्वराज सांसद, राजकुमार भाटिया विधायक, अशोक गोयल देवराहा विधायक, जयप्रकाश पूर्व महापौर, डॉ महेंद्र नागपाल पूर्व विधायक, योगेश वर्मा अध्यक्ष केशव पुरम जोन दिल्ली नगर निगम, डॉ वीरेंद्र गोयल जिला अध्यक्ष समेत सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने बताया कि जिन लोगों ने आज मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## सभी पहलुओं की जांच का दायरा व्यापक हो और इसकी चर्चा सार्वजनिक होनी चाहिए: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीएजी रिपोर्ट को तीन शब्दों लूट, झूठ और फूट में बयां किया जा सकता है। सीएजी रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि दिल्ली की जनता के पैसों को लुटा गया। आम आदमी पार्टी की सरकार झूठी बयानबाजी कि हम राजस्व को बढ़ा रहे हैं लेकिन इसके पीछे उन्होंने वास्तविकता में 2002 करोड़ की लूट को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि शराब नीति को लागू करने में एक्सपट्र्स कमेटी की सलाह को भी नजरअंदाज किया गया। रिपोर्ट से यह भी सामने आया है कि कैसे आम आदमी पार्टी के लोग इस लूट को लेकर जो झूठ बोल रहे थे और आम आदमी पार्टी व भाजपा की आपसी फूट का ही नतीजा है कि सीएजी रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो पा रही है। संवाददाता सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने संयुक्त रुप से संबोधित किया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि शराब घोटाले की जांच का दायरा व्यापक किया जाना चाहिए, आम आदमी पार्टी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर जांच हो और शराब घोटाले पर बोले जा रहे झूठ पर सार्वजनिक मंच पर चर्चा की होनी चाहिए। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा के बड़े नेता और तत्कालीन उपराज्यपाल की भूमिका से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल जिन्हें सीएजी रिपोर्ट में नजरअंदाज कर दिया है। एक साल के अंदर तीन आबकारी निदेशकों को बदलने का निर्णय क्यों और किसने लिया।

## शिव महापुराण कथा एवं कलश यात्रा का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के बादली विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-18 जहांगीर पुरी के स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी में आयोजित शिव महापुराण कथा एवं कलश यात्रा में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने शिरकत की और कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में शिव महापुराण कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बहुताय की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सुरेश शर्मा ने कहा कि भगवान शिव भोलेनाथ हमारे क्षेत्र के समस्त लोगों पर अपनी कृपा और आशीर्वाद बनाये रखें। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को प्रभु की भक्ति करनी चाहिए, जो भक्त प्रभु की भक्ति करता है, उसका कल्याण अवश्य ही होता है। वह विकास की ओर अग्रसर होता है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु का ध्यान करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (ठाकुर जी महाराज), लाल बाग आजादपुर में विधि-विधान से रुद्राभिषेक करते हुए मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा, केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी व अन्य गणमान्य लोग।

## व्यापारियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है पुलिस: पम्मा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि सदर बाजार ट्रैफिक जाम को लेकर आए दिन व्यापारी और खरीददारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर व्यापारियों में काफी रोष है क्योंकि आने वाले समय में त्योहारों का दिन है। होली करीब आ रही है और जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया कि पहले भी इसको लेकर व्यापारियों ने विरोध जताया था और ट्रैफिक अधिकारियों के साथ बैठक में यह तय हुआ था सदर बाजार से जुड़े सभी चौक पर ट्रैफिक के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जो ट्रैफिक जाम को खुलवाने के लिए कार्य करेंगे, मगर काफी समय से कोई भी ट्रैफिक अधिकारी चौक पर नहीं नजर आता। जिसके कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि सदर थाना, 12 टूटी, कुतुब रोड, तेलीवाड़ा, मिठाई पुल सहित अन्य चौक पर सुबह शाम ट्रैफिक पुलिस अधिकारी तैनात होने का तय हुआ था, मगर पुलिस अधिकारी हर चौक से नदारत रहते हैं अगर कहीं पर दिखते भी हैं तो वह सिर्फ लोगों को तंग करने के लिए या चालान करने के लिए ही वहां खड़े होते हैं। और ट्रैफिक पुलिस की क्रेन जरा सा कोई अपना टू व्हीलर खड़ा करता है तो उसको फटाफट उठाकर ले जाती है। मगर ट्रैफिक खुलवाने के लिए कोई कार्य नहीं करती। पम्मा व यादव ने बताया दूसरी तरफ सदर बाजार थाने से लेकर 12 टूटी चौक नगर निगम द्वारा पार्किंग दी गई है वह तीन-तीन लाइन सड़क पर पार्किंग कर देते हैं जिससे वहां पर भी आए दिन ट्रैफिक जाम रहता है। जिसमें इमरजेंसी वहां को भी आने-जाने में काफी दिक्कत होती है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर यमुना नदी के तट पर यमुना प्रेमियों ने खेली यमुना संग फूलों की होली

## ब्रज के लोक कलाकारों ने यमुना संसद के बैनर तले आयोजित 'हमारा राग, हमारा अनुराग, यमुना मैया के साथ खेले फाग' कार्यक्रम में बांधा समां








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महाशिवरात्रि पर्व पर सोनिया विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब, सोनिया विहार में यमुना नदी के तट पर 'हमारा राग, हमारा अनुराग, यमुना मैया के साथ खेले फाग ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यमुना संसद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में यमुना नदी को अविरल और निर्मल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर यमुना भक्तों ने फूलों की होली खेली और ब्रज के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम स्थल पर फाइन आर्ट्स के छात्रों ने लाइव पेंटिंग की और सेंड आर्ट के जरिए यमुना की अतीत से भविष्य की यात्रा को जीवंत किया। यमुना नदी को अविरल और निर्मल करने के लिए पूजन करने के साथ यमुना आरती और यमुना जी को चुनरी चढ़ाई गई। इस मौके पर सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक राज कुमार भाटिया, मोहन सिंह बिष्ट, अनिल गोयल, विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में यमुना प्रेमी मौजूद रहे।

इससे पहले बुधवार दोपहर 12 बजे शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद पूजन, हवन और यमुना नदी की आरती की गई। साथ में यमुना प्रेमियों ने यमुना संग फूलों की होली समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर ब्रज के लोक कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। यमुना संसद के संयोजक रविशंकर तिवारी ने कहा कि हमारा मकसद यमुना के शुद्धिकरण में समाज की सहभागिता सुनिश्चित करनी है। समाज और सरकार के साथ-साथ आने से ही यमुना साफ होगी। वहीं, सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता में यमुना जी को स्वच्छ करने का है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम सब इस काम में कामयाब भी होंगे। राजकुमार भाटिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। जल्द ही इसकी विस्तृत कार्य योजना दिल्ली वालों के सामने होगी। दूसरे सभी विधायकों ने इसके प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।

**खेली फूलों की होली...**

- यमुना संसद की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में यमुना नदी को निर्मल करने का संकल्प लिया।
- यमुना भक्तों ने फूलों की होली खेली और ब्रज के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### लाइव पेंटिंग और सैंड आर्ट का भी यमुना प्रेमियों ने उठाया लुत्फ

कार्यक्रम के दौरान एसडीएसएस की टीम ने विनय दास की लीडरशिप में सैंड आर्ट से यमुना नदी को जीवंत किया। वहीं करीब 120 फिट की पेंटिंग बनाई गई। इसमें अलग-अलग समय की यमुना को दशार्या गया था। खास आकर्षण कृष्ण काल, मुगल काल, ब्रिटिश काल, आज की यमुना का दर्शन रहा। साथ ही समाज और सरकार से सहयोग से भविष्य की अविरल और निर्मल यमुना को दिखाया गया। दूसरी तरफ पंकज फाइन आर्ट अकेडमी की तरफ से लाइव पेंटिंग बनाई गई।

इसमें वंदन ने यमुना को साफ करते हुए यमुना को दिखाया गया। वहीं, कशिश गुप्ता ने भविष्य की यमुना दिखाई। पारस अरोड़ा ने यमुना और दिल्ली के संबंध को दिखाया। इसके अलावा कुसुम और उनकी टीम ने फूलों से यमुना की रंगोली बनाई।




# महाकुम्भ अपने अनूठे कीर्तिमानों के लिए याद किया जाएगा

## देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत इन दिग्गजों ने संगम में लगायी डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर: प्रयागराज** की धरती पर आयोजित महाकुम्भ 2025 अपने अनूठे कीर्तिमानों का सदैव याद किया जायेगा। 144 वर्षों के महासंयोग वाला यह 45 दिन चला महाकुम्भ चर्चा में रहा। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए वीवीआईपी से लेकर आमजन तक सब आतुर दिखे। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभावों के अलावा राजनीति, उद्योग, शिक्षा, साहित्य, कला, चिकित्सा, विज्ञान, समाज सेवा आदि क्षेत्रों के दिग्गजों ने संगम में पुण्य की डुबकी लगायी। वहीं, भूटान नरेश और 77 देशों के राजनयिक भी महाकुम्भ में शामिल हुए। 5000 से अधिक प्रोटोकॉल महाकुम्भ में जारी हुए। बता दें, 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुम्भ मेला महाशिवरात्रि स्नान के साथ खत्म हो जाएगा।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने लगायी आस्था की डुबकी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10 फरवरी को प्रयागराज में महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। राष्ट्रपति ने महाकुम्भ समागम को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक बताया। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और पूर्व इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के कई अतिविशिष्ट व्यक्तियों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। विदेशी राष्ट्राध्यक्ष और मंत्रियों ने संगम में स्नान किया : भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, नेपाल के पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, सूरीनाम के रक्षा मंत्री कृष्णाकोमेरी मारहोवे और मंत्री रिश्मा एन. कुलदीप सिंह, फिजी के मंत्री अग्नि देव सिंह, भूटान के डीएन धुंग्येल, मलेशिया के उप मंत्री वाईबी दातो रामानन रामकृष्णन और श्रीलंका के मंत्री डॉ. दमिका पाटबेंदी ने संगम में स्नान किया। 100 से अधिक देशों के लोग शामिल हुए : महाकुम्भ में दुनियाभर के 100 से अधिक देशों से लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पावेल जॉब्स। उन्होंने महाकुम्भ में कल्पवास किया और हिंदू धर्म में दीक्षा ली। इसके अलावा अमेरिका, रूस, नीदरलैंड, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्पेन, इजराइल जैसे देशों से आए आम नागरिकों ने भी कुम्भ में डुबकी लगाई। 77 देशों के राजनयिकों ने डुबकी लगायी : महाकुम्भ में सिर्फ एक ही दिन में 77 देशों के राजनयिकों की 118 सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल ने भी डुबकी लगाई। इसमें अमेरिका, रूस, नीदरलैंड, मलेशिया, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, पोलैंड, मंगोलिया, जिम्बाब्वे, लातविया, इटली, जापान, जर्मनी, जमैका, यूक्रेन और अर्जेंटीना जैसे देश के प्रतिनिधि शामिल थे। कई राज्यों के गवर्नर हुए शामिल : महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश की गवर्नर आनंदीबेन पटेल, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवि और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने पवित्र स्नान किया। केंद्रीय और राज्यों के मंत्री पहुंचे : देश के गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित मंत्री निर्मला सीतारमण, जीतन राम मांझी, पीयूष गोयल।



# महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश: सीएम योगी

## देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता, उनकी कृपादृष्टि से ही सभी व्यवस्थाओं का संचालन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं। यह आस्था भारत की एकात्मकता का प्रतीक है। मैं इस आस्था को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अपार भीड़ है।

13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### समर्थ को समर्थन : सुशांत लोक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन



**गुरुग्राम।** सुशांत लोक की सीवर, पानी, बिजली एवं सफाई की समस्याओं का समाधान करने में जो सक्षम है, उसे ही समर्थन करने का फैसला लिया है सुशांत लोक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने। देश में भाजपा की मोदी सरकार, राज्य में भाजपा सरकार और अब मौका मिला है 2022 के बाद नगर निगम चुनाव का जिनके ना होने के कारण इतने समय से हमारी सुनवाई ही नहीं हो रही थी किन्तु बजट नहीं मिल रहे थे। आप से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में 2 मार्च को कमल के फूल पर बटन दबायें।

### टाटा टी प्रीमियम ने पेश किया टाटा टी प्रीमियम केयर

**नोएडा।** गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, देश की चाय टाटा टी प्रीमियम लेकर आया है टाटा टी प्रीमियम केयर। इसमें मिलता है तुलसी, अदरक, ब्राह्मी, इलायची और मुलेठी जैसे प्राकृतिक तत्वों की खूबियों से भरपूर एक विशेष मिश्रण। उपभोक्ता-केंद्रित नवाचारों के जरिए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड रोजाना की चाय को भी एक उद्देश्यपूर्ण अनुभव में बदल रहा है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की पसंद के अनुरूप है टाटा टी प्रीमियम केयर स्वाद और सेहत का एकदम सही मिश्रण है, जो देश के लोगों के मजबूत चाय प्रेम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है जो एक कड़क चाय की तलाश में रहते हैं, साथ ही इसे प्राकृतिक तत्वों के लाभों के साथ संपूर्ण बनाया गया है। टाटा टी प्रीमियम केयर के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, पुनीत दास, प्रेसिडेंट इ पैकेज्ड बेवरेजेस (इंडिया एंड साउथ एशिया), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ने कहा, टाटा टी प्रीमियम केयर हमारी प्रीमियम रणनीति का स्वाभाविक विस्तार है। भारतीयों का चाय के साथ एक गहरा भावनात्मक संबंध है, और इस नए उत्पाद के माध्यम से, हम रोजाना की चाय के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं, जिसमें सदियों से इस्तेमाल हो रहे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई को शामिल किया गया है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य विकल्पों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं, हमें विश्वास है कि यह अनूठा मिश्रण उन्हें बेहद पसंद आएगा। इस नए विस्तार के साथ, हम प्रीमियम वेलनेस कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और भी मजबूत बना रहे हैं, जिससे उच्च-गुणवत्ता और उद्देश्यपूर्ण पेय प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।




### क्रोमा ने आपके शहर में लायी एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा

**नोएडा।** क्रोमा ने अपने उपभोक्ताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। क्रोमा की गैजेट और छोटे उपकरणों की त्वरित डिलीवरी सेवा सफलतापूर्वक चल रही है, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब इस ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए गर्मी से राहत पाना आसान बना दिया है। क्रोमा के उपभोक्ता अब बिना किसी देरी के तुरंत ठंडक का आनंद ले सकते हैं! अपने मन चाहे चैनल से खरीदारी करने का बहुत ही आसान शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए क्रोमा हमेशा प्रयास करता रहता है, इन्हीं प्रयासों के तहत, अब आपके नजदीकी क्रोमा स्टोर, क्रोमा डॉट कॉम और टाटा न्यू ऐप पर शाम 6 बजे से पहले ऑर्डर किए गए चुनिंदा एसी और एयर कूलर की डिलीवरी उसी दिन करने की सुविधा दी जा रही है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ शिबाशीष रॉय ने कहा, गर्मियां बढ़ रही हैं, आपको उनसे तुरंत राहत दिलाने के लिए एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा हम प्रस्तुत कर रहे हैं। क्रोमा को आपके और भी करीब लाने के हमारे प्रयासों का यह एक हिस्सा है। हमें बहुत खुशी हो रही है कि 28 शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू हो रही है।

croma
A TATA Enterprise

### अवनी सिंह 27 फरवरी को करेंगी महिला जनसुनवाई

**मुरादाबादः मुरादाबाद** के जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बुधवार को बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 27 फरवरी को सुबह 11 बजे से दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने जाने तथा आवेदक-आवेदिकाओं की समस्याएं सुनेंगी। वह महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई करेंगी।

# प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में 44 साल बाद हुआ जलाभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबादः मुरादाबाद** के थाना नागफनी क्षेत्र के दौलतबाग स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में 44 साल बाद बुधवार को महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक हुआ। आज सुबह मंदिर के कपाट खुलने के बाद भक्तों और कांवड़ियों को आवागमन प्रारंभ हो गया जो दोपहर तक क्रमबद्ध जारी रहा। शिवभक्तों ने बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान क्षेत्र में काफी संख्या में पुलिस बल और प्रशासन अधिकारी मौजूद रहे। मुरादाबाद में वर्ष 1980 में हुए दंगे में प्राचीन गौरीशंकर मंदिर दौलतबाग के पुजारी गंगा सरन की हत्या कर दी गई। इसके बाद गंगा सरन का मृत आश्रित परिवार मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार में जाकर रहने लगे। इसके क्षेत्रीय लोगों ने मंदिर की मूर्तियां खंडित कर दी थीं और मंदिर पर ताला लग गया था। मृतक पुजारी गंगा सरन के पौते सेवाराम ने 26 दिसंबर 2024 को मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को पत्र देकर 44 साल से बंद पड़े प्राचीन गौरीशंकर मंदिर को खुलवाने की मांग की थी। सेवाराम ने डीएम-एसएसपी को बताया कि मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और उसके परदादा भीमसेन ने इसका निर्माण करवाया था। उसके दादा गंगा सरन की हत्या के बाद से यह मंदिर बंद है। गंगा सरन की हत्या होने के बाद बहुसंख्यक हिंदू परिवार यहां से धीरे-धीरे पलायन कर गया था। इस पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उपजिलाधिकारी सदर राममोहन मीना और पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह को प्राचीन गौरीशंकर मंदिर के निरीक्षण के लिए भेजा था। एसडीएम सदर और एसपी सिटी के निरीक्षण के बाद 30 दिसंबर 2024 को मंदिर में गर्भ गृह की खोदाई करवाई गई थी। जिसमें मौके से 1954 का नक्शा मिलने का दावा किया गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों की मौजूदगी में मंदिर का दरवाजा खुलवाया गया था। मंदिर खुलने की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लोगों की भीड़ लग गई थी। प्रशासन ने मंदिर परिसर व इसके आसपास से अतिक्रमण हटवाकर गंदगी साफ करवाई थी। डीएम के निर्देश पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और एसडीएम सदर राममोहन मीना ने मंदिर स्थल का जायजा लिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक कर मंदिर के दरवाजे खुलवाने का निर्णय लिया। विश्व हिंदू परिषद मंदिर पुरोहित विभाग के प्रमुख कथावाचक धीरशांत दास ने बताया कि प्राचीन गौरीशंकर मंदिर दौलतबाग में 46 साल बाद बुधवार को महाशिवरात्रि पर उत्साह के साथ जलाभिषेक हुआ।

### महिला स्वास्थ्य कर्मी ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहपुर।** जिले में बुधवार को संदिग्ध अवस्था में कमरे के अन्दर एक महिला स्वास्थ्य कर्मी का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। खागा कोतवाली क्षेत्र के बैरागी का पुरवा पावर हाउस मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाली दीपमाला (30) ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका कौशाम्बी जिले के अथसरांय गांव के आयुष्मान केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी के पद पर कार्यरत थी। घटना के समय मृतका का पति राम प्रताप किसी काम से बाहर गया था। लौटने पर कमरे का दरवाजा बंद पाया। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तब पति ने दरवाजा तोड़ा तो पत्नी दीप माला को फांसी के फंदे पर लटका पाया।

# फैशन बिजनेस समिट 2025: इंडस्ट्री लीडर्स से उद्यमियों को मिली सफलता की कुंजी

**नई दिल्ली - मशहूर फैशन बिजनेस कोच हार्वी** शाह के नेतृत्व में फैशन बिजनेस समिट 2025 का आयोजन कोर्टयार्ड बाय मैरियट, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। 20 और 21 फरवरी को हुए इस दो-दिवसीय पावर-पैक इवेंट में फैशन, उद्यमिता और पर्सनल डेवेलपमेंट के दिग्गजों ने भाग लिया और नए व स्थापित फैशन उद्यमियों को अपना अमूल्य मार्गदर्शन दिया। इस समिट में कामेसी की को-फाउंडर तन्वी जौहरी, हीलिंग और मेनिफेस्टेशन कोच गायत्री शिवराम, माइंडवैली की चीफ ग्रोथ ऑफिसर मारिशा लाखियानी और खुद हार्वी शाह जैसे इंडस्ट्री लीडर्स ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने उद्यमियों को फैशन ब्रांड बनाने और उसे सफलतापूर्वक बढ़ाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां बताईं। हार्वी शाह ने कहा, "इस समिट का मकसद फैशन उद्यमिता और बिजनेस स्किल्स के बीच की खाई को पाटना था। हमारा उद्देश्य था कि लोग सही टूल्स, मानसिकता और नेटवर्किंग से अपने फैशन बिजनेस को ऊंचाइयों तक ले जा सकें। जबरदस्त रिस्पॉन्स देखकर यह साफ है कि फैशन इंडस्ट्री का भविष्य बेहद उज्ज्वल है।" हजारों उद्यमियों को सफल बना चुकी हार्वी शाह कोविड के बाद शुरू हुई हार्वी शाह की कोचिंग कम्युनिटी आज 10,000 से अधिक मेंबर्स तक फैल चुकी है। इनमें से लगभग 900 उद्यमियों ने अपनी D2C (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) फैशन ब्रांड लॉन्च किए हैं और कईयों ने अपने बिजनेस को बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस समिट में 200 मेंबर्स ने हिस्सा लिया, जिनमें से 70 से अधिक को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### बकरी चराकर लौट रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र में बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। महुगढ़ गांव की रहने वाली 40 वर्षीय शांति देवी बकरी चराकर घर लौट रही थीं, तभी हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शांति देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से प्रधानपति विजेंद्र पांडेय ने एंबुलेंस बुलवाई और शांति देवी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर अवधेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। उनके पति संतोष

# महाशिवरात्रि: मणिकर्णिका घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

## गंगा द्वार से श्री काशी विश्वनाथ और मां गंगा की आरती गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: महाशिवरात्रि** पर्व पर बुधवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर जनकल्याण की कामना से महादेव और मां गंगा की आरती उतारी। महादेव से भारतवासियों के लिए सुख और समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगा। इसके बाद सदस्यों ने नगर निगम टीम के साथ मणिकर्णिका तीर्थ से कई टन कूड़े-कचरे का निस्तारण कराने में सहयोग दिया। महापर्व पर मणिकर्णिका अविमुक्त क्षेत्र का हाल इस तरह रहा जहां पंचकोशी यात्रियों ने करीब 2500 किलो के करीब अंडरवियर, बनियान, पैंट, शर्ट, गमछे, पॉलिथीन के पैकेट इत्यादि छोड़ दिए। नगर निगम की टीम ने इन कूड़े- कचरों को समेटकर साफ किया। नमामि गंगे की टीम ने कहा कि लोग कब समझेंगे कि गंगा और घाटों पर पुराने व नए कपड़े छोड़ कर जाने से किसी भी प्रकार के पुण्य की प्राप्ति नहीं होती है। शिव उपासना का पर्व महाशिवरात्रि प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। भगवान शिव के परिवार का प्रकृति से विशेष लगाव और संबंध माना जाता है। प्रकृति की साज-संभाल ही शिवत्व है। शिवरात्रि का पर्व और भगवान शिव का परिवार हमें प्रकृति से जुड़कर उसकी सुरक्षा और संरक्षण, संवर्धन व प्रकृति प्रेम का संदेश देता है। स्वच्छता अभियान में नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, नगर निगम के सुपरवाइजर विशाल गौड़, दीपक यादव, नगर निगम के सफाई कर्मचारी गीता, नीलम, सुनीता, मनोज, सुभाष सोनी, सीता और रीना आदि ने भाग लिया।

# सेवा कार्यों की बदौलत बनी थी तीसरी बार भाजपा सरकार: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय उर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आज प्रेम प्लाजा होटल में प्रबुद्ध समाज के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम राजनीति में सेवा के लिए आये हैं। हरियाणा में हमने बिगड़ी व्यवस्था को ठीक करने का काम किया है। हमने प्रदेश में अपने शासनकाल के दौरान मैरिट और काबिलियत के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियाँ दी हैं जो भी पढ़ा लिखा था उसे नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी ईमानदारी के कारण ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और भाजपा को पहले से भी अधिक




सीटें प्रदेश की जनता ने दी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले लोग नौकरी प्राप्त करने के लिए जमीन व अपना जेवर तक बेच देते थे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और इस सपने को साकार करने के लिए देश न्यूक्लियर पावर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों की जमीन को सरकार एकवायर करती थी तो उसे कलेक्टर रेट के आधार पर पैसे मिलते थे, मगर अब उनको मार्केट रेट से भी तीस प्रतिशत ज्यादा रेट सरकार दे रही है।

उन्होंने बताया कि शहरी विकास का महकमा मिलने के बाद दिल्ली में भी किसानों की जमीनों के रेट भी बढ़ गये लोगों को भरोसा था कि हरियाणा में लागू नीतियों के आधार पर उन्हें भी फायदा मिलेगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को कहा कि हम अपने स्वार्थ के लिए नहीं, अपितु जनसेवा के लिए राजनीति में आये है। उन्होंने कहा कि हालांकि व्यवस्थाओं को ठीक करने काफी मेहनत का काम है, मगर फिर भी हमारी सरकार ने काफी सुधार किये हैं। हमने पंचायतों और नगर निगमों को विकास की योजनाओं को लागू करने के लिए काफी अधिकार दिये हैं।

# शिव की भक्ति का वास्तविक रूप यह है कि उनके संदेशों को जीवन में करें धारण

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** भगवान शिव की भक्ति का वास्तविक रूप यही है कि हम उनके संदेशों को अपने जीवन में धारण करें।भगवान शिव के स्वरूप और उनकी भक्ति के प्रति यह श्रद्धांजलि एक अनूठी पहल है। यह आयोजन सभी के लिए एक दिव्य अनुभव है। यह बात बुधवार को परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा। उन्होंने कहा कि कुम्भ अपने आप में आर्ट है। यहां कुम्भ में हम जो भी देख रहे हैं वह प्रभु का आर्ट ही है। भगवान शिव की भक्ति का वास्तविक रूप यही है कि हम उनके संदेशों को अपने जीवन में धारण करें। इस कला उत्सव के माध्यम से कलाकारों ने



भगवान शिव के रूपों को चित्रित कर उनके अद्वितीय अस्तित्व और महत्व को समझने का युवा पीढ़ी को अवसर दिया है। इस समारोह में कला के विभिन्न रूपों के दर्शन हुये। कलाकारों ने भगवान शिव के विभिन्न रूपों को अपने कैनवास पर उतारा। इन कलाकारों की मेहनत और भक्ति ने परमार्थ निकेतन शिवरात्रि महोत्सव को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। कला और भक्ति का ये अनोखा संगम एक दिव्य अनुभव है, जो हर दर्शक को भगवान शिव के साथ आत्मिक जुड़ाव का अहसास दिलाता है। इइड शिवा फेस्टिवलइइ का मुख्य उद्देश्य भगवान शिव की महिमा का गुणानुवाद करना तथा भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में भगवान शिव के 108 नामों का विशेष महत्व है, जिससे शिव जी की असीम शक्ति और भक्ति के दर्शन हुये। कलाकारों ने भगवान शिव के विभिन्न रूपों को अपनी कला के माध्यम से जीवन्त किया और शिव के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा व्यक्त की। शांतनु गुप्ता ने कहा कि द शिवा फेस्टिवल पूज्य स्वामी के आशीर्वाद से आयोजित एक अद्भुत और अनोखा आयोजन है। जिसने भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और कला के माध्यम से कलाकारों ने भक्ति को एक नई ऊंचाई दी। यह आयोजन महाशिवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर भगवान शिव को एक दिव्य श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक छोटा सा प्रयास है। इस आयोजन में जो कला और श्रद्धा का संगम हुआ, वह न केवल इस समय के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बना रहेगा। महाकुम्भ प्रयागराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर एक अनूठा और दिव्य द शिवा फेस्टिवल का आयोजन किया, जिसमें 108 कलाकारों ने भगवान शिव के अद्भुत स्वरूपों को कैनवस पर उतारा। इस आयोजन में 108 शिवजी के नाम, 108 कलाकार, 108 कैनवस और 108 मिनटों में साथ महादेव का एक अभूतपूर्व भावांजलि अर्पित की।

# नेस्ले इंडिया ने महाकुंभ 2025 में रचा सौहार्द और एकजुटता का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** नेस्ले इंडिया महाकुंभ में बहुत सारी मजेदार चीजें करने के लिए तैयार है, जिनसे लोगों को अच्छा लगेगा, उन्हें आराम मिलेगा और सब एक-दूसरे से मिल-जुल पाएंगे। इसमें मैगी और किटकैट जैसे उनके मशहूर ब्रांड भी होंगे, और वो हर आगंतुक के अनुभव को और भी खास बना देंगे। दुनिया के इतने बड़े मेले में, नेस्ले चाहता है कि सब लोग एक साथ आएं, थोड़ी देर आराम करें और खुशी के पल बिताएं। इसकी सभी गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि है मैगी महाकुंभ कैम्पेन 2 मिनट अपनों के लिये, जिसमें लोगों को साथ लाने के लिये मैगी की भूमिका के बारे में बताया गया है। मैगी ने इसके लिये खास ब्रैंडेड जोन्स और डेडिकेटेड सेल्फी पॉइंट्स स्थापित किये हैं, जहाँ आगंतुक गरमा-गरम मैगी का मजा लेते हुए अपने ह्यमैगी मोमेंट्सह्य को संजो सकते हैं। अपनी सामुदायिक पहल के तहत नेस्ले इंडिया ने सफाई कर्मचारियों को 12000 कंबल वितरित किये और 2-मिनट मैगी मील्स भी परोसी। महाकुंभ को संभव बनाने वाले इन लोगों को कंपनी ने गर्मजोशी का अहसास और पोषण प्रदान किया। इन पहलों पर अपनी बात रखते हुए, नेस्ले इंडिया में प्रीपेयर्ड डिशेज और कुकिंग एड की डायरेक्टर रूपाली रत्तन ने कहा, ह्यमहाकुंभ में नेस्ले मैगी ने अपने कैम्पेन ह्य2 मिनट्स अपनों के लियेह्य से लोगों को एकजुट किया है। मैगी चार दशकों से ज्यादा समय से भारतीय परिवारों का हिस्सा बना हुआ है और हमेशा से एकजुटता का प्रतीक रहा है। इस कैम्पेन के माध्यम से मैगी ने मैगी कॉर्नर्स स्थापित किये हैं, जोकि कुंभ में आने वाले लोगों को आराम देते हैं।

Nestlé Good food, Good life


ACTION INDIA


# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group



एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302







# कुबेरेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब



**टीम एक्शन इंडिया**
**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिला मुख्यालय के समीपस्थ स्थित कुबेरेश्वर धाम में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में जारी सात दिवसीय भव्य रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर सुबह से ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को करीब 200 क्विंटल से अधिक फलहारी का निशुल्क वितरण किया।

यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को खीर, फलहारी मिक्कर, खिचड़ी और 20 हजार से अधिक छाछ पाउच वितरण किया। कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कहा कि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में उनके भोजन के लिए पूरे देश भक्त से सेवादार आए है, मालेगांव से भी सैकड़ों की संख्या में भोजन प्रसादी वितरण करने के लिए आए हैं, उनको में मंच से धन्यवाद देना चाहता हूं। इस मौके पर उनकी सेवा पर लाखों श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सेवा करने वाले को भगवान अवश्य फल देता है, सबसे बड़ी सेवा है, यहां पर आने वाले सेवादार आपकी सेवा में रात-दिन लीन है, यह सबसे बड़ी भक्ति है।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा ने शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए कहा कि आज महाशिवरात्रि का पावन अवसर है और हम सब भाग्यशाली है जो लाखों की संख्या में शिव भक्ति का पावन केन्द्र बिंदु कुबेरश्वरधाम पर जो कि 12 ज्योर्तिलिंगों के मध्य में है उसमें भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है।

उन्होंने कहा कि शिव पुराण में वर्णन है कि फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष के चौदहवें दिन यानी चतुर्दशी तिथि पर पहली बार शिवलिंग प्रकट हुआ था। तब भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी ने शिवलिंग की पूजा की। इसी दिन को शिवरात्रि कहा गया। उन्होंने बुधवार को शिवरात्रि के पावन कथा का वर्णन किया। पंडित मिश्रा ने कहा कि पूरे देश के श्रद्धालुओं को कुबेरेश्वरधाम पर होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर इच्छा रहती है, इस पावन धाम पर होने वाले महोत्सव से, हजारों श्रद्धालुओं के पत्र आते है।

# ऐतिहासिक मेले में इस वर्ष हुआ तीन हजार 390 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
ग्वालियर। ग्वालियर का ऐतिहासिक श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला संपन्न हो गया है। इस बार मेले में तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर, झूला सेक्टर, ऑटो मोबाइल सेक्टर, फर्नीचर सेक्टर, खान-पान एवं अन्य सेक्टरों में मेला अवधि में तीन हजार 390 करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ है। मेले में आए व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों के माध्यम से अच्छा व्यवसाय किया है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर मेले की सफलता के लिये जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, विभागीय अधिकारियों और प्रेस-मीडिया के साथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्योग मंत्री सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति ग्वालियर मेले में दिए गए सकारात्मक सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है।













## दिव्यांग युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के दिव्यांग युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्रथम प्राथमिकता है। इसी के तहत आगामी पांच वर्षों में पंजीकृत दिव्यांगों को यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) दिया जाएगा, ताकि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज चुनिंदा मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि सरकार दिव्यांगों के लिए योजनाएं प्रभावी रूप से लागू कर रही है और कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी दिव्यांगों के विकास के लिए आगे आ रही हैं। राज्य सरकार जल्द ही 'यूथ फॉर जॉब्स' संस्था के साथ समझौता करेगी। इस संस्था ने पहले चरण में विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार को सहयोग दिया जाएगा। भविष्य में इस कार्य का विस्तार कर इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इससे दिव्यांग युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

